चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 321, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 21 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मॉब लिंचिंग अपराध पर होगी फांसी की सजा

**मॉब लिंचिंग अपराध पर होगी फांसी की सजा, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में पहले 484 धाराएं थीं अब 531 होंगी, 9 नई धाराएं जोड़ी गई**



**नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को तीन नए आपराधिक कानून विधेयक पर बोलते हुए लोकसभा में कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में पहले 484 धाराएं थीं, अब 531 होंगी। 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं। 39 नए सब सेक्शन जोड़े गए हैं।

अमित शाह ने कहा कि सीआरपीसी के 177 धाराओं में बदलाव हुआ है। 44 नए प्रोविजन और स्पष्टीकरण जोड़े गए हैं। 35 सेक्शन में टाइम लाइन जोड़ी हैं और 14 धाराओं को हटा दिया गया है।

**मॉब लिंचिंग अपराध पर होगी फांसी की सजा**

लोकसभा में गृह मंत्री ने कहा कि मॉब लिंचिंग घृणित अपराध है और हम इस कानून में मॉब लिंचिंग अपराध के लिए फांसी की सजा का प्रावधान कर रहे हैं। लेकिन मैं विपक्ष से पूछना चाहता हूं कि आपने (कांग्रेस) भी वर्षों देश में शासन किया है, आपने मॉब लिंचिंग के खिलाफ कानून क्यों नहीं बनाया? आपने मॉब लिंचिंग शब्द का इस्तेमाल सिर्फ हमें गाली देने के लिए किया, लेकिन सत्ता में रहे तो कानून बनाना भूल गए। उन्होंने सदन को जानकारी देते हुए कहा कि सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 इस सदन के अनुमोदन के बाद अमल में आएगी। इसके अलावा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट 1872) की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 अमल में आएगा। लोकसभा में शाह ने कहा कि राजद्रोह जैसे अंग्रेजों के काले कानून को समाप्त कर दिया गया है। इसकी जगह देशद्रोह कानून लाया गया है।

## आरोपी को याचिका दायर करने के लिए सात दिन मिलेंगे



**अमित** शाह ने कहा कि अब आरोपी को याचिका दायर करने के लिए सात दिन मिलेंगे। न्यायाधीश को उन सात दिनों में सुनवाई करनी होगी। मामले का ट्रायल शुरू करने के लिए अधिकतम 120 दिन का समय मिलेगा। पहले प्ली बार्गेनिंग के लिए कोई समय सीमा नहीं थी। अब अगर कोई अपराध के 30 दिनों के भीतर अपना अपराध स्वीकार कर लेता है तो सजा कम होगी। ट्रायल के दौरान दस्तावेज पेश करने का कोई प्रावधान नहीं था। हमने इसे अनिवार्य कर दिया है। 30 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें कोई देरी नहीं की जाएगी।

**'मोदी सरकार पहली बार आतंकवाद की व्याख्या करने जा रही'**

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पहली बार आतंकवाद की व्याख्या करने जा रही है। यह मानव अधिकारों का सबसे बड़ा उल्लंघन है। इसके लिए जो भी जिम्मेदार है, उसे हम बख्शेंगे नहीं। इसके साथ ही राजद्रोह को देशद्रोह में बदला जा रहा है।

**'ये पीएम मोदी की सरकार है, जो कहती है वो करती है'**

गृह मंत्री ने कहा कि हमने कहा था कि अयोध्या में हम जल्द से जल्द राम मंदिर बनाएंगे और 22 जनवरी 2024 को वहां रामलला विराजमान हो जाएंगे। ये पीएम मोदी की सरकार है, जो कहती है वो करती है। हमने कहा था कि हम संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देंगे। कांग्रेस कई बार सत्ता में आई और तारीखें देती रहीं, हमने इसे पूरा किया और बहुमत के साथ महिलाओं को सशक्त बनाया।

## 'अगर मन इटली का, तो कानून कभी समझ नहीं आएंगे'



**नई दिल्ली**

**लोकसभा** में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इससे पहले इस पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि तीन आपराधिक कानूनों की जगह लाए गए विधेयक गुलामी की मानसिकता को मिटाने और औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति दिलाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कांग्रेस पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा कि अगर मन इटली का है तो ये कानून कभी समझ नहीं आएगा, लेकिन अगर मन यहां का है तो समझ आ जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले के कानूनों के तहत ब्रिटिश राज की सलामती प्राथमिकता थी, अब मानव सुरक्षा, देश की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि मैंने तीनों विधेयकों को गहनता से पढ़ा है और इन्हें बनाने से पहले 158 परामर्श सत्रों में भाग लिया है। अमित शाह ने कहा कि CrPC में पहले 484 धाराएं थीं, अब इसमें 531 धाराएं होंगी। 177 धाराओं में बदलाव किए गए हैं और 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं। 39 नई उप-धाराएं जोड़ी गई हैं। 44 नए प्रावधान जोड़े गए हैं।

## जोकरों का काम कर रहे कुछ सांसदः नड्डा

**नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल करने के मामले पर घमासान मचा हुआ है। भाजपा ने धनखड़ के अपमान को किसानों और जाटों का 'अपमान' बताया है। इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि जनता नेताओं को अपना जनप्रतिनिधि बनाकर संसद में भेजती है, लेकिन कुछ नेता संसद जाकर जनता की बात उठाने की बजाय 'जोकरों' जैसा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पद पर बैठे हुए वरिष्ठ सदस्य की नकल करना उनका अपमान करना है और जनता इस तरह के अपमानजनक व्यवहार को कभी स्वीकार नहीं करेगी। बस्ती में एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष के कुछ सदस्य लगातार निचले स्तर का व्यवहार कर संसद की गरिमा गिराने का काम कर रहे हैं। अब तक वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा के नेताओं का अपमान कर रहे थे, लेकिन अब वे सीधे राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति का अपमान करने लगे हैं। यह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र मयार्दा और परंपरा के आधार पर चलता है, लेकिन विपक्ष लगातार संसदीय परंपराओं का अपमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस समय विपक्ष का एक सांसद अभद्र व्यवहार कर रहा था और उपराष्ट्रपति का अपमान कर रहा था, उसी समय इस घटना की निंदा करने की बजाय कांग्रेस के एक नेता (राहुल गांधी) उसका वीडियो बना रहे थे। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग इस तरह की घटनाओं को रोकने की बजाय उसको बढ़ावा दे रहे हैं। नड्डा ने कहा कि वैसे तो राहुल गांधी ओबीसी और पिछड़ों की बात करते हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति जैसे संसदीय पद पर बैठे हुए व्यक्ति का अपमान करते हुए उन्हें यह बात याद नहीं आई। नड्डा ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वे कैमरामैन की भूमिका में आ गए हैं। उनके एक सांसद ने उनसे कहा है कि यदि राहुल गांधी कैमरामैन की भूमिका निभाना चाहें, तो वे उनके लिए भोजपुरी सिनेमा में बात कर सकते हैं।

## उपराष्ट्रपति की मिमिक्री, जाटों की नाराजगी सामने आने पर खरगे को चलना पड़ा दलित दांव



**नई दिल्ली**

संसद सत्र के दौरान जब विपक्षी सांसदों को सस्पेंड किया गया, तो टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी, ने संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर दी। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी उस मिमिक्री का वीडियो बनाते हुए नजर आए थे। इसके बाद जब यह मामला सोशल मीडिया में वायरल हुआ, तो बहुत जल्द कुछ नेता, इसके 'डैमेज कंट्रोल' में जुट गए। उत्तर भारत के जाटों की तरफ से जगदीप धनखड़ को समर्थन मिलने लगा। जाट समुदाय की नाराजगी सामने आने लगी। सबसे पहले कांग्रेस पार्टी को यह अहसास हुआ कि जगदीप धनखड़ की 'मिमिक्री' 2024 के लोकसभा चुनाव में उसे बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने सदन में पीएम मोदी द्वारा की गई 'मिमिक्री' का एक वीडिया वायरल किया, लेकिन वह डैमेज कंट्रोल के लिए काफी नहीं था। बुधवार सुबह पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सामने आना पड़ा। उन्होंने कहा, जाति को हर मुद्दे में नहीं घसीटा जाना चाहिए। खरगे ने सवाल किया, क्या उन्हें हर बार राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं मिलने पर यह कहना चाहिए कि दलित होने के कारण ऐसा हुआ है।

## विदेशी भाषाओं को बढ़ावा देने के बजाय मातृभाषा का करें इस्तेमालः संघ प्रमुख



**भुवनेश्वर**

**संघ** (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को लोगों से आग्रह किया कि वे अंग्रेजी जैसी विदेशी भाषाओं को बढ़ावा देने के बजाय अपनी मातृभाषा में बातचीत करें और उसका सम्मान करें। भागवत यहां अखिल भारतीय साहित्य परिषद के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में लोगों ने अपनी मातृभाषा का इस्तेमाल करना बंद कर दिया है।

**'मातृभाषा का इस्तेमाल करें, तब मिलेगा सम्मान'**

उन्होंने कहा, 'यहां हमारे देश में मातृभाषा के इस्तेमाल को लेकर बहुत सारे मुद्दे हैं। हमने अपनी मातृभाषा का इस्तेमाल करना बंद कर दिया है। नतीजतन, हमें अपने ग्रंथों (पुस्तकों) के अर्थ को समझने के लिए अंग्रेजी शब्दकोशों का सहारा लेना पड़ता है।' आरएसएस प्रमुख ने कहा, 'आज हमने विभिन्न भारतीय भाषाओं के कई लेखकों को सम्मानित किया है। लेकिन, हमारी मातृभाषा को वास्तविक सम्मान तब मिलेगा, जब हम इसका इस्तेमाल करना शुरू कर दें।'

**'समाज के लिए लिखा जाना चाहिए साहित्य'**

साहित्य के बारे में आरएसएस प्रमुख ने कहा कि इसे समाज के लाभ के लिए लिखा जाना चाहिए, न कि मनोरंजन या मानव जाति को किसी नुकसान के लिए। उन्होंने कहा,'किसी व्यक्ति को जिम्मेदार बनाने के लिए साहित्य लिखा जाना चाहिए।' भागवत ने यह भी दावा किया कि प्राचीन काल में अन्य देशों में कोई धर्म नहीं था। यह भारत से चीन और जापान जैसे कुछ अन्य देशों में फैला।

## सीएम ममता बनर्जी ने लंबित बकाए को लेकर की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली**

मनरेगा के बकाए के भुगतान को लेकर केंद्र सरकार और पश्चिम बंगाल के बीच चल रहे तनाव के बीच सूबे की मुखिया ममता बनर्जी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सीएम बनर्जी ने पीएम मोदी से मनरेगा जैसी विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत मिलने वाली धनराशि को जारी करने की मांग की। संसद परिसर में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बैठक की जानकारी दी। ममता बनर्जी ने बताया कि वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रस्ताव दिया कि राज्य और केंद्र के अधिकारी एक साथ बैठ सकते हैं और मुद्दों को सुलझा सकते हैं।

**पीएम ने संयुक्त बैठक का दिया आश्वासन**

ममता बनर्जी ने कहा कि 155 केंद्रीय टीमें पहले ही पश्चिम बंगाल का दौरा कर चुकी हैं। इन टीमों के समक्ष राज्य सरकार ने केंद्र द्वारा उठाए गए मुद्दों पर पहले ही स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम ने कहा है कि केंद्र और राज्य के अधिकारी एक संयुक्त बैठक करेंगे। मैंने कहा कि हमने 155 बार स्पष्टीकरण दिया है। हम एक बार फिर ऐसा कर सकते हैं, वे फॉमूर्ला तय कर सकते हैं। संघीय ढांचे में केंद्र सरकार की भी हिस्सेदारी होती है और राज्य की भी हिस्सेदारी होती है। इस दौरान, टीएमसी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान, ममता बनर्जी ने केंद्र पर जमकर निशाना साधा। राज्य के लिए लंबित मनरेगा निधि के बारे में उन्होंने कहा कि श्रमिकों को भुगतान करना संविधान के तहत अनिवार्य है।

## कोरोना रिटर्नः दिल्ली में तीन और गाजियाबाद में सात महीने बाद सामने आया कोरोना केस

**गाजियाबाद/नई दिल्ली**

**सात** महीने बाद गाजियाबाद में कोरोना का पहला केस मिला है। निजी चिकित्सक ने निजी लैब में मरीज की जांच कराई है, जिसमें कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट आई है। स्वास्थ्य विभाग ने मरीज और उसके परिवार से सभी सदस्यों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है। जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि मरीज को एहतियात बरतने और भीड़भाड़ वाले स्थान पर ना जाने की सलाह दी गई है। मरीज शास्त्रीनगर निवासी हैं। नाक कान गला रोग विशेषज्ञ बीपी त्यागी ने इसे कोरोना के नए वैरिएंट होने की आशंका जताई है।

वहीं दिल्ली में मंगलवार को तीन कोरोना के नए केस मिले हैं। सभी मरीजों का उपचार अलग अलग अस्पतालों में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक अब राजधानी में 20 लाख 14 हजार 448 मामले संक्रमण के दर्ज हो चुके हैं। विशेषज्ञों ने लोगों से फिर से चेहरे पर मास्क लगाने और भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचने की सलाह दी है। हालांकि आने वाले दिनों में 25 दिसंबर क्रिसमस और एक जनवरी को लोग नए साल के जश्न में डूबने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि आगे स्थित बिगड़ भी सकती है।

## दैनिक भत्ते, संसद गलियारों में नो एंट्री समेत कई पाबंदियों का सामना करेंगे निलंबित सदस्य

**नई दिल्ली**

लोकसभा सचिवालय ने निलंबित सांसदों के लिए परिपत्र जारी किया है। जिनमें सासंदों को किन-किन चीजों पर पाबंदी रहेगी। उनका जिक्र किया गया है।

इनमें सांसदों का संसद कक्ष, लॉबी और दीघाओं में प्रवेश इत्यादि पर प्रतिबंध रहेगा। परिपत्र द्वारा जारी दिशानिर्देश के मुताबिक, सांसद चैंबर, लॉबी और गैलरी में प्रवेश नहीं कर सकते। उन्हें संसदीय समितियों की बैठकों से निलंबित कर दिया गया है। अतः उनके नाम पर व्यवसाय की सूची में कोई आइटम नहीं रखा गया है।

## एनपीएस-ओपीएसः केंद्र ने खत्म किया एनपीएस और ओपीएस का अंतर




**नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार** में पुरानी पेंशन बहाली और एनपीएस को खत्म करने के लिए आंदोलन हो रहा है। सरकारी कर्मचारी, जनवरी में भूख हड़ताल और उसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल की तैयारी कर रहे हैं। दूसरी तरफ भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने ओपीएस व एनपीएस के बीच का एक अंतर खत्म कर दिया है। नेशनल पेंशन सिस्टम 'एनपीएस' में इनवेलिड यानी विकलांगता पेंशन और फैमिली पेंशन के मामले में जो पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) नंबर जारी होता है, उसे 'एन' सीरिज के तहत जारी किया जाता है। अगर 'ओपीएस' से जुड़ा कोई केस है, तो उसमें इस तरह का कोई अक्षर, जिससे उसकी श्रेणी का पता चले, जारी नहीं होता है। एनपीएस में पीपीओ नंबर जारी होता है, तो उस वक्त 'एन' लिखा जाता है। अब यह विभेद खत्म कर दिया गया है। यानी विकलांगता पेंशन या फैमिली पेंशन की फाइल पर पीपीओ नंबर जारी करते वक्त कोई विभेद नहीं होगा। अब 'एन' श्रेणी हटा दी गई है। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के तहत केंद्रीय पेंशन लेख कार्यालय, द्वारा 18 दिसंबर को जारी एक कार्यालय ज्ञापन में यह बात कही गई है। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1972, अब केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम 2021 के तहत पेंशन/फैमिली पेंशन की प्रक्रिया पूरी होती है।

ओपीएस के तहत अगर कोई पीपीओ जारी होता है, तो उसमें श्रेणी अंकित नहीं रहती है। एनपीएस और ओपीएस में फैमिली पेंशन व विकलांगता पेंशन पहले भी जारी होती थी। एनपीएस में जब कोई पीपीओ इश्यू होता है, तो उसमें 'एन' यानी एनपीएस श्रेणी लिखा रहता है। यह ओपीएस और एनपीएस के बीच एक विभेद था। बाकी सभी बातें एक समान थी, लेकिन 'एन' ने पीपीओ नंबर को एनपीएस और ओपीएस में विभाजित कर दिया था। इस विभेद से संबंधित लाभार्थी को यह अहसास होता है कि वह पुरानी पेंशन में है या एनपीएस में है।

अब वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन ने उस भेद को मिटा दिया है। अगर अब कोई भी इनवेलिड/फैमिली पेंशन का पीपीओ नंबर जारी होगा, तो उसमें 'एन' नहीं लिखा होगा। भले ही कोई केस बोर्ड आउट होने का है या फैमिली पेंशन का है, अब पीपीओ जारी होने के दौरान ओपीएस वाला नियम लागू होगा। पीपीओ जारी होने में कहीं पर भी एनपीएस नहीं लिखा जाएगा।

# सरकारी योजनाओं की जानकारी देना ही संकल्प यात्रा का लक्ष्य : अशोक सिंह

अखण्ड भारत संदेश





**मांडा।** विकास खंड मांडा ब्लॉक मुख्यालय अन्तर्गत लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के प्रांगण में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि अशोक सिंह ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोई भी ग्रामीण सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अछूता न रह जाए, इसके लिए संकल्प यात्रा के जरिए ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। आगे बताया कि योजनाओं का लाभ कैसे गरीब पात्र ले सकते हैं आदि के बारे में भी उन्हें जागरूक किया जा रहा है। वही खंड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र ने अपने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन भी गांवो में यह यात्रा निकाली जाए( सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहने चाहिए यह जवाबदेही सुनिश्चित की जाय। और सभी ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाय। और उनका लाभ कैसे ग्रामीणों को मिले उसे विस्तार पूर्वक योजनाओ को बताने की बात कही। वही दूसरी ओर आंगनबाड़ी के कार्यकत्रियो द्वारा महिलाओ की अन्न प्रासन गोद भराई की रश्म भी अदा की गयी। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत केसरवानी, समाज कल्याण अधिकारी रवि प्रकाश यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी बृजेंद्र शुक्ला, राजमणि द्विवेदी, सीडीपीओ मांडा रमेश कुमार, सुपरवाइजर सविता गुप्ता, जिला महामंत्री विक्रमादित्य कुशवाहा, मंडल महामंत्री रामबली मौर्य, मांडवी शरण द्विवेदी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लीलावती गुप्ता, भगवान दास कुशवाहा, रामसुख कुशवाहा, सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त ग्राम प्रधान मांडा डॉ.असद अली ने किया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच उतराव ने किया जीत हासिल

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के इकडला हाईवे स्थित पुलिस सहायता केंद्र फिरोजपुर भारहरी गांव में हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी एफ सी सी क्लब के मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया जहा जनपद प्रयागराज के 30 टीमों ने प्रतिभाग लिया वही क्रिकेट प्रतियोगिता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल रहे मुख्य अतिथि ने अपने हाथों से फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया वही इस दौरान मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार सिंह पटेल ने कहा की खेल से भी एक दूसरे से मिलन व प्रेम का रास्ता बनता हैं और सबसे अच्छी बात यह हैं की खेल से खिलाड़ियों को वो लाभ मिलता हैं की स्वास्थ हमेशा दुरुस्त रहता है और स्वास्थ अगर दुरुस्त हैं इससे बढ़कर कोई लाभ नहीं और खेल व माध्यम होता हैं जिससे खिलाड़ी प्रदेश नही देश का नाम रोशन करता हैं आगे कहा जनता की ताकत और साथ मिला तो समय आने पर एक स्टेडियम का प्रयास जरूर रहेगा मुख्य अतिथि के संबोधन पश्चात उपस्थित ग्राम प्रधान जलालपुर इफ्तेखार अहमद के साथ खिलाड़ियों से परचय प्राप्तकर मैच का सुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच उतराव व महुआ कोठी गांव के बीच खेला गया जिसमें टॉस उतराव ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया जहां 9 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर उतराव की टीम ने 106 रन बनाया था वहीं महुआ कोठी ने 69 रन पर 8 विकेट खोकर सिमट गई जिससे उतराव ने 37 रनों से उद्घाटन मैच में विजय प्राप्त किया वही मैन ऑफ द मैच बल्लू रहे और उतराव टीम कप्तान मोहम्मद अकबर व उपकप्तान मो नदीम ने जीत पश्चात अपने टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की।

## करछना में एके ड्रीम सिटी कार्यालय का धूमधाम से हुआ उद्घाटन



**करछना।** भारतीय स्टेट बैंक करछना के बगल बाजार में करछना कोहडार मार्ग स्थित एके ड्रीम सिटी ब्रांच करछना का उद्घाटन बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संस्थान के निदेशक हिमांशु कुशवाहा द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया इस मौके पर ब्रांच मैनेजर करछना कार्तिकेय कुशवाहा, योगेंद्र वर्मा ,राहुल मौर्य, प्रभात विश्वकर्मा ,उमाकांत कुशवाहा, साहिल सिंह, कमलेश कुशवाहा , आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे रियल स्टेट से संबंधित इस प्रोजेक्ट में एके ड्रीम सिटी गरीब एवं कमजोर लोगों को कम पैसे पर जमीन प्लाट मुहैया कराने तथा किस्तों के आधार पर उन्हें आवासी प्लांट देकर उन्हें आवासीय कमर्शियल प्लाट जैसे सभी इस ब्रांच के माध्यम से एक इंफ्रा ड्रीम सिटी बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने एवं भूमि हीन लोगों को किस्तों में जमीन कम लागत में उपलब्ध कराने में सहायक के रूप में वर्षों से काम कर रही है, जिसमें क्षेत्रीय लोगों को एक रोजगार परक बनाने में भी मददगार साबित हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों की हुई जांच



**करछना।** बुधवार विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत अंतहिया में हिल प्रोजेक्ट और दी लेप्रोसी मिशन सामुदायिक अस्पताल नैनी के सहयोग से ग्राम सभा अंतहिया ब्लॉक करछना में एक स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आंख की जांच, चमड़ी संबंधित रोग, फिजियो, शुगर, बीपी और कुष्ठ रोग की जांच की गई। शिविर में लगभग 150 लोगो की जांच की गई और परीक्षण के पश्चात उन्हें मुफ्त में दवाएं दी गई शिविर को सफल बनाने में ग्राम प्रधान अंतहिया माधवेंद्र नारायण मिश्र ने पूरा सहयोग प्रधान किया। स्वास्थ्य शिविर में अस्पताल की ओर से डॉक्टर कार्तिक द्विवेदी डॉक्टर अनवर यशवंत जोशुआ गम प्रकाश अभिषेक द्विवेदी अमरनाथ आदि स्वास्थ्य कर्मियों एवं डॉक्टर के माध्यम से मरीजों को किस्म किस्म की बीमारियों की जांच की गई और शिविर में उन्हें निशुल्क दवाएं और परामर्श दिए गए जिसमें कुल 12 ऐसे रोगी पाए गए जो चर्म रोगी के रूप में जांच के दौरान पाए गए जिनका अस्पताल लेप्रसी मिशन में कराने की सलाह दी गई।

## जमीन की पैमाइश कराने पर प्रधान को ट्रैक्टर से कुचल कर मारने की मिली धमकी



करछना। थाना क्षेत्र करछना के ग्राम पंचायत कैथी में सरकारी भूमि पर कुछ दबंग लोगों ने कब्जा कर लिया है तथा उक्त जमीन पर विकासखंड द्वारा स्वीकृत आर आर सी सेंटर कूड़ा घर बनाए जाने की अनुमति दी गई थी जिस पर लाखों रुपए सरकार द्वारा उक्त भूमि पर निर्माण कराए जाने के लिए स्वीकृति प्रदान किया है तथा उक्त भूमि पर गांव कुछ दबंग लोग पूर्व से कब्जा कर लिए हैं जिसको लेकर प्रधान सुनील कुमार ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जमीन को खाली कराए जाने के लिए सिफारिश किया था जिस पर राजस्व टीम ब्लॉक कर्मियों के साथ सरकारी लगभग 6 बीघा जमीन दबंगों ने कब्जा कर रखा जिस पर राजस्व टीम पैमाइश के दौरान जमीन खाली करने गई थी तो गांव के रघुराज पटेल व अन्य अपने साथियों के साथ मौके पर मौजूद प्रधान को ट्रैक्टर से कुचल कर मार देने की दी धमकी और राजस्व कर्मियों को धमकाकर भगा दिया इसके बावजूद रात को प्रधान के घर पर कुछ दबंग लोग चढ़कर उसके परिजनों को भी प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी दी भयभीत प्रधान सुनील कुमार ने करछना थाने में नामजद तहरीर देकर दबंग के खिलाफ कार्रवाई किए जाने एवं अपने जाल माल की सुरक्षा की फरियाद की है

## राजा कमलाकर डिग्री कॉलेज के 120 छात्र-छात्राओं को मिला स्मार्टफोन



**शंकरगढ़।** शासन की ओर से स्नातक वर्ष में अध्ययन कर रहे 120 छात्र- छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। बुधवार को स्थानीय राजा कमलाकर डिग्री कॉलेज शंकरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में बीए, बीएससी और बीकॉम क्लास में अध्ययन कर रहे 120 छात्र-छात्राओं को प्रबंधक अनय प्रताप सिंह और प्राचार्य डॉ गंगा तिवारी की मौजूदगी में स्मार्टफोन का वितरण किया गया। प्राचार्य गंगा तिवारी ने बताया कि सरकार ने जो डिजिटल इंडिया में आत्मनिर्भर भारत बनने का सपना देखा था, वह पूरा हो रहा है।कालेज के छात्र अमित तिवारी, अनुराग सिंह, सत्यम त्रिपाठी, शिवानी सिंह, दीपांशी केसरवानी, पूनम गुप्ता, पूजा सिंह, श्वेता मिश्रा, अंजू, अंजलि,पूनम और खुशी ने मोदी और योगी सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि स्मार्ट फोन पाकर वह बहुत खुश हैं, इसके जरिए आगे उनके लिए शिक्षा की राह जरूर आसान होगी। मौके पर शिक्षक क्षमापति त्रिपाठी, प्रकाश सिंह, प्रियंका सिंह, दानिश अंसारी, रचना केसरवानी, अनुभव सिंह के साथ तमाम छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# शिवराजपुर-शंकरगढ़ के बीच नवनिर्मित पुलिया में हो रही भारी धांधली




**बारा/शंकरगढ़।** शिवराजपुर चौराहा से शंकरगढ़ की ओर जाने वाली सड़क पर सावित्री हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के पास क्षतिग्रस्त नवनिर्मित पुलिया का निर्माण कार्य सालों से जेई और ठेकेदार की जुगलबंदी से प्रगति पर है। ऐसा प्रतीत होता है कि इन दोनों ने मिलकर भाजपा सरकार को बदनाम करने का मन बना लिया है जिससे इस पुलिया को अभी तक आवागमन के लिए चालू नहीं करवाया जा सका है।हाला कि प्रशासन ने लोगों को खतरे से सावधान किया है और उससे संबंधित बोर्ड भी सड़क किनारे लगा दिया है जिस पर लिखा है कि पुलिया का कार्य प्रगति पर है भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है।लेकिन हकीकत यह है कि इस मार्ग पर दिन-रात आराम से भारी वाहनों की आवाजाही हो रही है लेकिन उन्हें रोकने वाला मौके पर कोई जिम्मेदार नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में भारी व ओवरलोड वाहन दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। आखिर सवाल यह उठता है कि किसके इशारे पर भारी वाहन आराम से फर्राटे भर रहे हैं जबकि प्रशासन ने चेतावनी का बोर्ड वहां लगा दिया है और भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया है। कभी किसी भी समय बड़ा हादसा होने से नकारा नहीं जा सकता है। जबकि अपने आप में यह बड़ा और अहम सवाल पूछती है क्षेत्र की जनता कि आखिर जिम्मेदार कौन। बता दे कि गिट्टी बालू की जगह पीपीजीसीएल पावर प्लांट से निकल रहे रद्दी राखड़ को ठेकेदार द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है जिसका कोई भविष्य ही नहीं है। लोगों ने आशंका जताते हुए कहा कि निकट भविष्य में वाराणसी व गुजरात के पुल जैसी पुनरावृति देखने को ना मिले। लोगों ने संबंधित विभाग के आला अधिकारियों का ध्यान मीडिया के माध्यम से आकृष्ट करवाया है।

## अज्ञात युवक की रेलवे ट्रैक से कट कर हुई मौत की शिनाख्त मऊआइमा कस्बे के शकील के रूप में हुई

**मऊआइमा।** सोमवार को मऊआइमा सहकारी कताई मिल के फ्लाइओवर ब्रिज के नीचे बंद रेलवे फाटक से सौ मीटर प्रतापगढ़ की ओर रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव कटा हुआ हालत में मिला था।जिसकी शिनाख्त बुधवार को मोहम्मद शकील के रूप में हुआ देर रात मोहम्मद शकील को उनके कब्रस्तान में दफना दिया गया। मालूम हो कि सोमवार को मऊआइमा रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का तुलसी स्प्रेस से कट कर शव आर पी एफ ने बरामद किया था। बुधवार को परिजनों ने पीएम हाउस में उसकी शिनाख्त मोहम्मद शकील 38 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद सलीम मोहल्ला मुस्तफाबाद के रूप में किया।वह चार भाईयों में दूसरे नंबर पर था दो दिनों से गायब था। परिजनों ने बताया कि शकील मूर्कबधिर और अविवाहित था। मोहम्मद शकील मऊआइमा में ट्रांसपोर्ट पर कपडे का गांठ लादने का काम करता था। पोस्टमार्टम के बाद जब शकील का शव मुस्तफाबाद मोहल्ला में उसके घर पहुंचा तो परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।देर रात शकील के शव को दफना दिया गया।

# एसडी पब्लिक स्कूल पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता दूसरे दिन का शुभारंभ




**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा अंतर्गत रामनगर एस० डी० पब्लिक स्कूल का पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ पुलिस चौकी प्रभारी सिरसा कुलदीप शर्मा एवं गौरव यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सपा विधायक मेंजा संदीप सिंह पटेल रहें। संदीप सिंह पटेल ने मशाल जलाकर एवं दीप प्रज्वलित करके खेल का शुभारंभ किया। विधायक मेंजा ने कबड्डी म्यूजिकल चेयर म्यूजिकल बर्थडे कैप पिरामिड गीत नृत्य एवं अन्य खेलों का में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में बेहतर शिक्षा हासिल करने की सलाह दी साथ ही साथ प्रतिभाग करने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य कामना करते हुए उन्हें आज के खेल के लिए बधाई दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के संस्थापक यशवंत सिंह यादव प्रबंधक नीरज सिंह यादव निदेशक पंकज सिंह यादव प्रधानाचार्य श्रीमती मंजू एवं शिक्षक शिक्षाओं के साथ सैकड़ो की संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। आज का प्रमुख खेल कबड्डी, म्यूजिकल बर्थडे कैप, पिरामिड, और छोटे-छोटे बच्चों द्वारा गीत भी प्रस्तुत किया गया जिसमें अभिभावकों ने जमकर बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रमो की सराहना की गयी।

# गिरधर पुर की जांच से बौखलाए प्रधान प्रतिनिधि पहुंचे ब्लॉक प्रमुख की शरण में

### सरकारी धन को पति- पत्नी मे बांट कर किया गबन, निवर्तमान प्रधान पति ग्राम रोजगार सेवक पद पर कार्यरत

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम पंचायत गिरधरपुर में मोटी रकम लेकर दोबारा आवास,शौचालय दिए जाने की शिकायत विगत कई दिनों से प्रकाश में आने पर बौखलाए प्रधानप्रतिनिधि ने मांडा ब्लॉक प्रमुख के शरण में जा पहुंचे। वहीं ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह ने शिकायत कर्ता व प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार पाण्डेय को ब्लॉक मुख्यालय पर बुलाकर वार्ता कर भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधान प्रतिनिधि को नसीहत देते हुए कहा कि ऐसी गड़बड़ी करने पर कोई बचा नहीं सकता। ग्राम पंचायत का कार्य निष्पक्ष एवं एक दूसरे से चोली दामन के सम्बन्ध जैसा बनाकर काम करें। अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होगें। उधर ग्राम पंचायत महुआरी खुर्द में अपात्र व्यक्ति को पीएम आवास देने पर पात्र लाभार्थी ने ब्लॉक प्रमुख के शरण में पहुंचा और आप बीती बातें बताते हुए कहा कि शुल्क न देने पर मुझे अपात्र घोषित कर दिया गया। वहीं ग्राम प्रधान ने जेईएमआई के नाम पर दो हजार रुपए ले लेने की बात प्रकाश में आने से बौखलाए प्रधान ने उसे दो हजार रुपए वापस कर दिया। मांडा ब्लॉक मुख्यालय में दर्जनों से अधिक ग्राम प्रधान की रवैए एवं भ्रष्ट्राचार से आजीज होकर लाभार्थी सरकारी सुविधाओ को पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं। लेकिन ग्राम प्रधान अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं और मोटी रकम लेकर सरकारी धन को पति पत्नी में बांट कर गबन कर लिया जा रहा है।जिससे ग्राम पंचायतो में काफी आक्रोश व्याप्त है।

# सिंगरामऊ गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन



**सहसों।** विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम पंचायत सिंगरामऊ में बुधवार को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम प्रधान शकुंतला देवी की अध्यक्षता में गांव में प्रभात फेरी लगाते हुए प्रचार एवं यात्रा वाहन में लगे डिजिटल पर्दे पर विकसित भारत संकल्प के बारे में ग्रामीणों को दिखाया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, अमृत सरोवर सहित आदि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में दिखाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने विकसित भारत संकल्प के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, पीएम किसान सम्मान निधि, महिला समूह सखी योजना एवं उज्जवला गैस योजना सहित आदि जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए लोगों को संबोधित करते हुए उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुषों को विकसित भारत संकल्प के लिए शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में किसान सम्मन निधि, स्वास्थ्य तथा कृषि संबंधी सहित आदि प्रकार के जानकारी व सुझाव हेतु स्टाल भी लगाए गए थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक द्विवेदी ने किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी धनंजय यादव, एडीओ ए जी राज कुमार सिंह, कमलेश कुमार, फरहाद खान, अरुण गुप्ता, संदीप दुबे, मुकेश दुबे, अमन सिंह राजपूत, आदर्श पांडे, पूर्व प्रधान कृष्ण चन्द्र दुबे, प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार खन्ना, गोपाल पांडे, प्राणनाथ मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

## किसानों की संस्था है इफको : विनीता कुदेशिया




**फूलपुर।** इफको कार्डेट में मंगलवार को कृषि ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन इफको फूलपुर इकाई की प्रथम महिला विनीता कुदेशिया ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनीता कुदेशिया ने कहा कि इफको किसानो की संस्था है और किसान हित के लिए लगातार कार्य कर रही है। किसानों के सामाजिक स्तर और आर्थिक विकास के लिए इफको नई-नई योजनाओं के माध्यम से बेहतर करने का प्रयास करती रहती है। ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम इसी प्रयास का एक अंग है। कॉरडेट के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया की वर्तमान ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य के कुल 40 प्रशिक्षणार्थी ड्रोन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती सविता शुक्ला वरिष्ठ प्रशिक्षक अधिकारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## अधिस्ठान पंजीयन नितांत आवश्यक : राजेश मिश्रा

### उप श्रमायुक्त प्रयागराज कार्यालय में उपकर संग्रह की बैठक



**कोरांव।** सरकार द्वारा उप कर संग्रह के लिए बेवसाइट और हेल्प लाइन तथा उसके भुगतान हेतु जितने मांध्यम हैं उसकी जानकारी देते हुए गोष्ठी में उप श्रमायुक्त प्रयागराज मंडल राजेश मिश्रा ने कहा कि अधिस्थानों का पंजीयन नितांत आवश्यक है। श्री मिश्रा ने उपस्थित कई विभाग के इंजीनियर्स,श्रमिक प्रतिनिधि,ट्रेड यूनियन ब्यावसाइयों बीओसी डब्लू बोर्ड के श्रम प्रवर्तन अधिकारी गण मौजूद रहे। उप श्रमायुक्त और सहायक श्रमायुक्त लाला राम ने विस्तार से सेस के बारे में सभी अधिस्थान दाताओं को सलाह दी और सलाह भी ली। जिससे सरकार की किसी भी कार्यवाही सेस चोरी आदि से संबंधित सुरक्षा हो सके। गोष्ठी में सभी उप कर संग्रह पोर्टल के विषय में भुगतान और पंजीयन की जानकारी प्रदान करते हुए सभी से अपने अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए आग्रह किया। बैठक में उक्त अफसरों के अलावा बृजनंदन ओझा श्रम प्रवर्तन अधिकारी,महेंद्र प्रताप सिंह,प्रकाश संखवार,अवनीश त्रिपाठी,श्रीमती अनिता शुक्ला,विनोद सिंह जिला पंचायत प्रयागराज के एक्सियन,अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे,श्रमिक यूनियन प्रतिनिधि एवं सदस्य जिला सतर्कता समिति बॉन्डेड लेबर श्रम विभाग प्रयागराज,ग्राम प्रधान संगठन लीडर तथा कई श्रमिक संगठनों,यूनियनों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

## अपने ही सगे भाई को लगाया शटर चोरी का आरोप




**सोरांव।** क्षेत्र में इस समय चोरों के हौसले बुलंद है। पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के चोरी का धंधा फल फूल रहा है। अब्दुल अरमान पुत्र सुबराती निवासी सेवईथ का आरोप है कि हाजीगंज मार्ग पर स्थित रामप्यारी बालिका इंटरमीडिएट के कॉलेज के बगल मेरा एक निजी मकान है। जो अक्सर बंद ही रहता है। सोमवार को दोपहर में मैं अपने मकान की तरफ आया तो देखा कि दुकान में रखा शटर गायब है। आसपास के लोगों द्वारा पता चला कि मेरा सगा भाई जो की सोरांव थाने पर दर्ज 697 अपराध संख्या का अभियुक्त है। चोरी करके अपने घर में रखा है। पूछने पर गाली गलौज दे रहा है। तथा जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। इतना ही नहीं भुक्तभोगी ने आरोप लगाया कि आरोपी शिवगढ़ चौराहे पर एक बीज की दुकान भी खोला है। जो की गोरखधंधा और बीज में मिलावट को लेकर पिछले लगभग 1 साल पहले कृषि विभाग के अधिकारियों का छापा भी पड़ा था। जिसमे बीज में मिलावट को लेकर गोदाम को विभाग के अधिकारियों ने सील भी कर दिया था और उसमें रखे लाखों का बीज और दवाई भी बेकार हो गई थी। उसी ने शटर को चोरी करके अपने कमरे में रखा है। मामले में अब्दुल अरमान ने सोरांव थाने पर अपने ही सगे भाई पर चोरी का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है।

## लूट की झूठी सूचना देने पर एक युवक को पुलिस ने भेजा जेल



**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक जनसेवा केंद्र के संचालक ने पुलिस को सूचना दी कि उससे बदमाशों ने पांच लाख रुपए लूट लिए। यह सुन कर पुलिस के हाथ पांव फूल गए।मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर ने छानबीन की तो मामला संदिग्ध प्रतीक हुआ। जांच में लूट झूठा पाए जाने पर पुलिस ने युवक को जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासी हुस्न आलम पुत्र मोहम्मद खालिद जन सेवा केन्द्र चलाता है। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को देर शाम एक युवक हुस्न आलम ने आ कर बताया कि उसके साथ हरिसेनगंज में पांच लाख की लूट हो गई।मौके पर मऊआइमा इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह हमराही पुलिसकर्मियों के साथ पहुच कर जांच पड़ताल की तो मामला झूठा साबित हुआ।तो बुधवार को हुस्न आलम से सख्ती से पूछताछ की गयी तो उसने भी सच्चाई उगलते हुए बताया कि वह झूठ बोल कर बैंक और खातेदारों का पैसा ऐंठना चाहता था। इंस्पेक्टर मऊआइमा ने झूठी सूचना देने पर हुस्न आलम को बुधवार को शाम के समय जेल भेज दिया।

## बना दो हमारे गांव की सड़क, स्कूल जाने में हो रही दिक्कत




**मेजा।** मेंडरा गांव की सड़क खराब होने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं।आलम यह है कि बच्चों को बारिश के मौसम में कीचड़ से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार इस सड़क की कोई सुध नहीं ले रहे हैं। रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ सड़क भी मूलभूत जरूरतों में से एक है। थानीय लोग और अभिभावकों ने स्थानीय विधायक और सांसद से उक्त सड़क बनवाने की मांग की है।

## दिव्यांग बच्चों का राष्ट्र में अहम योगदान : गोपाल कृष्ण



**मेजा।** मेजा ब्लाक के बीआरसी में पांच दिवसीय समेकित शिक्षा का प्रशिक्षण बीईओ कैलाश सिंह के निर्देश में शुरू हुआ। प्रशिक्षण का शुभारम्भ एआरपी गोपाल कृष्ण यादव ने किया। उन्होने बताया कि समेकित शिक्षा का मतलब दिव्यांग बच्चों का सामान्य बच्चों के साथ शैक्षिक समायोजन से है। इसमें दिव्यांग बच्चे सामान्य बच्चों की तरह सब के साथ पढ़ाई करते है, जिससे उन्हें दिव्यांगता का एहसास नहीं होता। सामान्य बच्चों की तरह दिव्यांग बच्चे भी राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। प्रशिक्षण के सन्दर्भदाता शिक्षक अजीत कुमार मिश्र,धीरेंद्र कुमार और ज्ञानेश्वर रहे। इस मौके पर प्रमुख रूप से रवींद्र मोहन सिंह,रामराज वर्मा,कुसुम राय,प्रेमशिला,सरिता मिश्रा, शिवानी, अनिता, अजीत शुक्ला, रमाशंकर पांडेय, अनिल कुमार, राजकुमार, अखिलेश चौधरी, दिनेश यादव, हनुमान और मनीष कुमार आदि मौजूद मौजूद रहे।

# जनपद के 13 विकास खण्ड आईडीए कार्यक्रम के लिए हुए चिन्हित

अखंड भारत संदेश

### जनपद मे शुरू हुआ फाइलेरिया उनमुलन कार्यक्रम




**प्रयागराज।** बुधवार को जनपद प्रयागराज मे फाइलेरिया उनमुलन कार्यक्रम (आईडीए- 2023) हेतु जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर की कार्यशाला सीएमओ सभागार में आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशु पांडेय ने किया। कार्यक्रम में डॉ परवेज अख्तर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (नोडल अधिकारी वीबीडी), डॉ ऋतुराज सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ रावेन्द्र सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ,अशफाक अहमद डीसीपीएम ने मुख्य रूप से प्रतिभाग किया। नोडल अधिकारी ने सभी को प्रशिक्षण के दौरान सभी को माईक्रो प्लानिंग पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिए। ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम मे जनपद के समस्त विकास खण्डों से अधीक्षक सामुदायिक केंद्र, मेडिकल ऑफिसर, मलेरिया निरीक्षक, बीसीपीएम, बी पीएम, एसएलटी को जनपद को फाइलेरिया उन्मूलन हेतु आगामी माह मे विकास खंड एवम ग्राम पंचायत स्तरीय किये जाने वाले कार्यो की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का कार्य पार्थ संस्थान से मंडलीय समन्वयक डॉ. शाश्वत त्रिपाठी से जेडसीडबल्यू डॉ निशांत कुमार एवं पीसीआई इंडिया संस्था से जिला मोबिलाईजर समन्वयक दीपक तिवारी से द्वारा संचालित किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी आनंद कुमार सिंह जी द्वारा समस्त विकास खण्ड मे संक्रमित लोगों को एमएमडीपी किट के वितरण लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देशित करते हुए बताया की जनपद के 13 विकास खण्ड-धनुपुर, हंडिया, कोटवा, कोराव, प्रतापपुर, रामनगर, सैदाबाद, बहरिया, होलागढ़, कौडिहार कौन्धियारा, मेजा, एवं सोराव सामुदायिक केंद्र को आईडीए कार्यक्रम हेतु चिन्हित किया गया है। साथ ही कार्यक्रम मे सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन किया।

# महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जल पुलिस द्वारा की जा रही विशेष व्यवस्थाएं

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की अपेक्षित संख्या विगत कुम्भ के सापेक्ष अधिक होने के दृष्टिगत जल पुलिस द्वारा भी विशेष व्यवस्थायें की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को अचूक एवं बेहतर बनाने हेतु पिछले कुम्भ के सापेक्ष गोताखारों की संख्या 190 से बढाकर 300 की जा रही है। वहीं बाढ राहत पी०ए०सी० कम्पनी को भी 08 से बढाकर 10, एन०डी०आर०एफ० कम्पनी को 02 से बढाकर 04 तथा एस0डी०आर०एफ० कम्पनी को 01 बढाकर 04 किया जा रहा है। (01 एन०डी०आर०एफ० / एस०डी०आर०एफ० कम्पनी में 29 लोग होते हैं)। इसके अतिरिक्त होमगार्ड तैराकों की संख्या 200 से बढ़ाकर 400 की जा रही है तथा अन्य पुलिस बल के लगभग 500 तैराक भी लगाये जायेगें।इसी कम में सुरक्षा व्यवस्था में उपयोग करने वाले उपकरणों की संख्या में भी भारी वृद्धि की जा रही है। इसमें लगभग 05 किमी० डीप वाटर बैरिकेटिंग मय जाल व लंगर, 05 किमी0 रिवर लाइन, 02 फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन मय कन्ट्रोल रूम, 20 वाटर स्कूटर, 25 हार्सपावर के 06 मरकरी इंजन तथा 50 हार्सपावर के 05 मरकरी इंजन, 04 वाटर एम्बुलेंस, 10 लकडी वाली चापू नाव, 18 रिचार्जेबल मोबाइल रिमोट एरिया लाइटिंग सिस्टम, 04 एनाकोंडा मोटरबोट मय चेंजिंग रूम, 03 जे०टी० मय गँग व रेलिंग सहित 20 डाइविंग किट मय मास्क व एक अद्द कम्प्रेशर मशीन सहित 200 लाइफ ब्वाय, 300 लाइव जैकेट, 200 रेस्क्यू ट्यूब 200 थ्रो बैग तथा 25 आस्का लाइट की व्यवस्था की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### अवंतिका विकास समिति का प्रतिनिधि मंडल नगर निगम एवं जलकल विभाग के अधिकारियों से मिला



**नैनी।** नैनी अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में कॉलोनी के संभ्रांत नागरिकों का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को जलकल विभाग एवं नगर निगम जोन 5 के अधिकारियों से मिलकर कॉलोनी की मूलभूत सुविधाओं में सुधार हेतु सुझाव के साथ ही व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया, तथा बिना मोटर के घर में पानी आपूर्ति कराने, सीवर सफाई, गलियों सड़कों की नियमित सफाई व्यवस्था, पार्कों के शौन्दर्यीकरण के कार्य को पूरा कराने तथा टूटी फूटी नालियों सड़कों गलियों का निर्माण आदि समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई। अधिशासी अभियंता जल कल विभाग एवं जोनल अधिकारी नगर निगम नैनी ने समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया है।प्रतिनिधि मंडल में समिति के संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह पत्रकार, सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र, डी के सिंह, ब्लॉक संयोजक एन पी मिश्र, शिव शंकर पांडे, महिला मंडल संयोजिका मीना जायसवाल, सह संयोजिका बिंदु राठौर, अंजुम नाज, अनीता केसरवानी, विकास दुबे, सुनील श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र एवं मीडिया प्रभारी आशुतोष मिश्रा आदि शामिल रहे।

### एसपीओ टीम प्रभारी को किया गया सम्मानित



**नैनी।** नैनी एसपीओ टीम प्रभारी अभय राज सिंह को सम्मानित किया गया। जनहित समाज हित राष्ट्रीय हित में उत्कर्ष कार्य करने में भूतपूर्व थाना कमेटी प्रभारी जिला अपराध निरोधक समिति नैनी मंडल में रह चुके हैं वर्तमान में एसपीओ टीम प्रभारी अभय राज सिंह को उनके अच्छे कार्य और सामाजिक सेवा निशुल्क भाव से करते हुए आज 40 वर्ष पूर्व हो चुके हैं जिनके लिए उन्हें जिला अपराध निरोधक समिति यमुनानगर यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा के द्वारा अंग वस्त्र और हनुमान चालीसा छायाचित्र और सर्टिफिकेट के साथ सम्मानित किया गया इस सम्मानित कार्यक्रम में समाजसेवी विवेकानन्द पांडेय, राहुल रावत, धीरेन्द्र मिश्रा, आकाश सिंह व समिति के सदस्य गण मौजूद थे।

### सदस्य, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पीठ/शिविर का आयोजन 22 दिसम्बर को प्रस्तावित

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बच्चों के अधिकारों और हकदारियों के उल्लंघन और वंचित होने से सम्बन्धित शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय पीठ/ शिविर का आयोजन दिनॉक 22-12-2023 को जिला पंचायत सभागार, प्रयागराज में किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें सदस्य, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, प्रीती भरद्वाज दलाल द्वारा अध्यक्षता की जायेगी, जिसमें जिला स्तरीय पीठ/ शिविर के आयोजन के दौरान विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, जिसमें बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं/शिकायतों का निस्तारण व उन्हें योजनाओं से जोड़े जाने की कार्यवाही की जायेगी। शिविर के दौरान दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाये जाने, आधारकार्ड बनाये जाने, स्वास्थ्य जॉच किये जाने, बच्चों के बैंक खाता खोले जाने तथा उन्हें योजनाओं से जोडे.जाने इत्यादि की कार्यवाही हेतु शिविर लगाये जाएगें तथा बच्चों के अधिकारों के हनन से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण की भी कार्यवाही आयोग द्वारा की जायेगी, जिसमे बच्चो के अधिकारो के हनन व उन्हे योजनाओ से जोड़े जाने सम्बन्धि प्रार्थना पत्र के साथ उपस्थित होकर निस्तारण प्राप्त किया जा सकता है। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रयागराज ने दी है।

### महेवा में फांसी लगाकर विवाहिता ने दी जान, केस दर्ज

**नैनी।** थाना क्षेत्र के महेवा पूरब पट्टी इलाके में बुधवार दोपहर गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके वालों ने ससुरालवालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। नैनी क्षेत्र के चाका गांव की रहने वाले हरीशचंद्र की बेटी माला भारतीय (33) की शादी पांच वर्ष पूर्व महेवा पूरब पट्टी के नरेंद्र भारतीय के साथ हुई थी। नरेंद्र बुधवार को काम के सिलसिले में बाहर गया था। दोपहर करीब 12 बजे परिजनों ने देखा कि उसका कमरा बंद है। कई बार आवाज देने के बाद भी जब माला बाहर नहीं निकली तो उन्होंने झांककर देखा तो उसका शव पंखे चुल्ले से लटक रहा था। मृतका के पिता हरिश्वन्द्र ने ससुरालवालों पर मारपीट व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मामले में इंस्पेक्टर अपराध शाजिद अली खां ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर की गई है।

### डंफर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के हनुमानगंज बाजार में बुधवार रात नौ बजे डंफर की चपेट में आने से बाइक सवार कुंज बिहारी (40) पुत्र बच?ईराम निवासी हेतापट्टी की मौत हो गई है। पुलिस ने चालक सहित डंफर को हिरासत में ले लिया है। परिजनों को सूचित करते हुए शव को कब्जे में ले लिया है।

### पुलिस ने प्रभावी पैरवी करके अभियुक्त को दिलाई सजा

**झूंसी।** सरायइनायत पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के कारण जज ने मुकदमा अपराध संख्या 379/22 तथा धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोप दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त रिजवान पुत्र भानु निवासी फतुहा बीबीपुर थाना सरायइनायत को एक वर्ष चार माह सश्रम कारावास के साथ 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को सात दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत में प्रभावी पैरवी करने वालों में एडीजीसी मृत्युंजय तिवारी, सरायइनायत प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय, कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह , पैरोकार कांस्टेबल सत्यम कुमार शर्मा आदि रहे।



# एसआरएन में ओपीडी और ओटी सेवाएं बंद होने से मरीज परेशान

अखंड भारत संदेश

### वेतन न मिलने पर सभी डॉक्टर हड़ताल पर

**प्रयागराज।** चार माह से वेतन न मिलने से नाराज स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के चिकित्सक हड़ताल पर चले गए हैं। ओपीडी और ओटी सेवा ठप होने से मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। डॉक्टरों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। डॉक्टरों की हड़ताल के चलते इलाज के लिए आए मरीज इधर उधर भटकते देखे गए। पहले से निर्धारित कई आपरेशन नहीं हुए। एसआरएन अस्पताल में रोजाना हजारों मरीजों की भीड़ होती है। बुधवार को डॉक्टरों की हड़ताल के चलते मरीज काफी परेशान हुए। चार माह से वेतन न मिलने के कारण अस्पताल के सभी चिकित्सक हड़ताल पर चले गए। उनका कहना है कि जब तक वेतन नहीं दिया जाता है तब तक वह काम नहीं करेंगे।

# प्रयागराज की कृतिका विश्वकर्मा खेलो इंडिया टूनामेंट में करेंगी यूपी स्क्वैश टीम का प्रतिनिधित्व

### अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स (मेयोहाल) की खिलाड़ी कृतिका विश्वकर्मा का चयन उतार प्रदेश टीम में किया गया है

अखंड भारत संदेश

**करछना।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 20-24 जनवरी को चेन्नई में अयोजित होगा इलाहाबाद स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद साबिर ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से स्क्वैश प्रयागराज में पसंदीदा खेलों में से एक है, इलाहाबाद स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति डीपी सिंह (सेवानिवृत्त) जी के निर्देशन में स्क्वैश को एक नई जिंदगी मिली है प्रयागराज के खिलाड़ी पूरे देश में स्क्वैश कोच और रेफरी के रूप में नाम हासिल कर रहे हैं पिछले दो वर्षों से इलाहाबाद स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन ने प्रयागराज में राष्ट्रीय रैंकिंग टूनामेंट की मेजबानी की है और आगामी वर्ष फरवरी 2024 में हम प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय लेवल टूनामेंट की मेजबानी करने जा रहे हैं। कृतिका वर्ष 2016 में 11 साल की उम्र में मेयोहाल में स्क्वैश एडमिशन लिया था और उसने इस साल उत्तर प्रदेश राज्य टूनामेंट 2023 में दूसरा स्थान और सब जूनियर जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप 2023 में 9वां स्थान हासिल किया। कृतिका की इस उपलब्धि पर इलाहाबाद स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति डी पी सिंह ,श्री सतीश चतुर्वेदी ,श्री नवीन सिन्हा सहित प्रयागराज के स्क्वैश खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर की है।



# 260 गृहकर के बड़े बकायेदारों पर कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित

**प्रयागराज।** वित्तीय वर्श 2023-24 के अन्तिम तिमाही की ओर बढ़ रहे नगर निगम प्रयागराज द्वारा अभी तक गृहकर वसूली लक्ष्य रू0-120 करोड़ के सापेक्ष रू0-54 करोड़ की वसूली की गयी है। जिसके सम्बन्ध में नगर विकास विभाग द्वारा नवम्बर माह की वसूली समीक्षा के उपरान्त सभी नगर निगमों के पिछले वर्ष की वसूली लक्ष्य में, वित्तीय वर्श 2023-24 में 50 प्रतिषत की वृद्धि करते हुए नगर निगम प्रयागराज का वसूली लक्ष्य रू0-177 करोड़ निर्धारित कर दिया गया है।गृहकर वसूलयावी की गम्भीर स्थिति के दृश्टिगत नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर 2023 को सभी अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एवं जोनल कर अधीक्षकों के साथ वसूली की समीक्षा करते हुए अस्पष्ट रूप से निर्देषित किया गया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली हेतु सभी लोग करदाताओं से निरन्तर सम्पर्क करते हुए अधिकतम भवनों से कर जमा करायें जिससे लक्ष्य की पूर्ति की जा सके। गृहकर वसूली कार्यवाही में अभी तक 1 लाख के ऊपर एवं 50 हजार से 1 लाख तक 9210 बकायेदारों पर डिमांण्ड नोटिस जारी की गयी है, जिसमें गृहकर के बहुत लम्बे समय से बकाया जमा नही कर रहे जोनवार कुल 260 भवनों को चिन्हित करते हुए उनपर कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए हेतु समाचार पत्रों में सूचना प्रकाषन हेतु जारी किया गया है।उपरोक्त बकायेदारों में जोन सं0 1 खुल्दाबाद के 28, जोन सं0 2 मुटठीगंज के 38, जोन सं0 3 कटरा/फाफामऊ के 72, जोन सं0 4 अल्लापुर के 50, जोन स0 5 नैनी के 45 तथा जोन सं0 6 ट्रान्सपोर्टनगर के 26 बकायेदार है, इस प्रकार कुल 260 भवन स्वामियों पर बकाया कुल रू0-11,95,16,897.00 (ग्यारह करोड़ पन्चान्बे लाख सोलह हजार आठ सौ सत्तान्बे) के बकाये पर कुर्की नोटिस के पूर्व समाचार पत्रों में प्रकाषित करने की कार्यवाही की जा रही है। यदि सम्बन्धित बकायेदार द्वारा एक सप्ताह के अन्दर बकाया जमा नही किया जाता है तो सम्बन्धित भवन पर कुर्की की नोटिस जारी करते हुए नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# कुम्भ मेलाधिकारी द्वारा किया गया उ.प्र. जल निगम (नगरीय) की परियोजनाओं का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के आयोजन से सम्बन्धित उ.प्र. जल निगम (नगरीय), प्रयागराज द्वारा क्रियान्वित की जा रही स्थायी परियोजनाओं का महाकुम्भ मेलाधिकारी प्रयागराज विजय किरन आनन्द द्वारा आज स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेलाधिकरण, प्रयागराज की थर्ड पार्टी एजेन्सी टी०यू०वी०एस०यू०डी०, उ०प्र० जल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियन्ता आशुतोष यादव, सन्तोष कुमार एवं अन्य अधिकारी तथा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) द्वारा महाकुम्भझ 2025 के आयोजन से सम्बन्धित सीवरेज एवं पेयजल की कुल 21 नग स्थायी परियोजनाएं एवं कुम्भ मेला क्षेत्र में मेला अवधि के दौरान पेयजल, ड्रेनेज व्यवस्था एवं अन्य तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु 07 नग अस्थायी परियोजनाएं जिनकी कुल लागत लगभग रू0 500.00 करोड़, के कार्य आगामी एक वर्ष में कराये जाने प्रस्तावित है। कुम्भ मेलाधिकारी द्वारा मम्फोर्डगंज में 1000 एम0एम0 व्यास की डी0आई0 के0 झ 9 राईजिंग मेन बिछाने के कार्य, कार्य प्रभुघाट, मोरीगेट सीवेज पम्पिंग स्टेशन के रेनोवेशन के कार्य, अल्लापुर सीवेज पम्पिंग स्टेशन के रेनोवेशन के कार्य, झंसी स्थित 50 के0एल0डी0 क्षमता के फीकल स्लज को ट्रीटमेन्ट प्लांट के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी विभाग उ०प्र० जल निगम (नगरीय) कार्यदायी फर्मों एवं समस्त उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों को समस्त परियोजनाओं को गुणवत्ता पूर्वक एवं निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कुम्भ मेलाधिकारी द्वारा थर्ड पाटी एजेन्सी को निर्माण कार्यों में प्रयोग की जा रही निर्माण सामाग्री की सैम्पलिंग कर जॉच रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने हेतु तथा अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (नगरीय) को सीवर बिछाने के दौरान काटी जाने वाली सड़कों की पुनर्स्थापना / मरम्मत हेतु रोड रेस्टोरेशन प्लान मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, प्रयागराज से समन्वय स्थापित करते हुए प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।



# अधिवक्ता वेलफेयर फंड बढा : अब 200 की जगह 500 करोड़ मिलेंगे, योगी सरकार ने दिया नए साल का तोहफा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** योगी आदित्य नाथ सरकार ने अधिवक्ताओं के परिवारों को नए साल पर बड़ा तोहफा दिया है। वकील कल्याण निधि का कोष 200 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस कोष से अधिवक्ता की आकस्मिक मृत्यु होने पर परिवार को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके अलावा अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जाती हैं।

**एडवोकेट वेलफेयर फंड में सीधे 300 करोड़ की वृद्धि :** इससे पहले अधिवक्ताओं की मृत्यु होने पर उनके परिवारों को केवल 1.5 लाख रुपए मिलता था। बाद में इसे बढ़ाकर 5 लाख रुपए किया गया था। अब सरकार द्वारा अधिवक्ता कल्याण निधि में सीधे 300 करोड़ रुपए की वृद्धि करके उनके परिवारों को बड़ी सुरक्षा दी है। यूपी बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने बताया कि सरकार से हमारी वार्ता हुई है।

बार काउंसिल ने ही मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से कोष की राशि 500 करोड़ किए जाने की मांग की है। सरकार ने हमें आश्वासन भी दिया है। हालांकि अभी कल्याण कोष में रुपए आए नहीं हैं। हम तो तभी मानेंगे कि कल्याण कोष 500 करोड़ का हो गया है जब खाते में रुपए ट्रांसफर हो जाएंगे अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम, 2001 में पारित किया गया था। इसके तहत बनाई गई निधि से वकीलों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और किसी विपरीत परिस्थिति में वित्तीय सहायता मुहैया कराने का फैसला किया गया था।

इस निधि का प्रयोग उत्तर प्रदेश बार काउंसिल किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या होने पर, मृत्यु होने पर सदस्य को अनुग्रह राशि देने, प्रैक्टिस बंद करने पर एक निश्चित राशि का भुगतान करने और सदस्य की मृत्यु होने पर उसके नामांकित व्यक्ति को 5 लाख रुपए का भुगतान करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, सदस्यों और उनके आश्रितों के लिए चिकित्सा और शैक्षिक सुविधाएं खरीदने के लिए भी इस निधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस अधिनियम के तहत बनाई गई न्यासी समिति एक निगमित निकाय होती है।

### भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के अनेकों गांव में अभी तक नही हुई अलाव की व्यवस्था

**प्रयागराज।** भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के अनेकों गांव और सार्वजनिक स्थानों पर अधिकारियों के द्वारा अलाव की व्यवस्था अभी तक नही कराई गई जिसके कारण सार्वजनिक स्थान और चौराहों पर अलाव जलते हुए दिखाई नहीं देते। सुबह और शाम भारी गलन होने के कारण ग्रामीण और राहगीर ठिठुरते हुए दिखाई पड़ते हैं। दोपहर के समय धूप निकल आने पर लोगों को थोड़ा ठंड से राहत मिलती है फिर भी सुबह और रात में अत्यधिक गलन होने के कारण गली व चौराहों पर अलाव की व्यवस्था होना आवश्यक हो गया है। गली व चौराहों पर अलाव की व्यवस्था होने पर लंबी दूरी का सफर तय करने वाले लोगों के लिए सुविधाजनक होगा। लंबी दूरी का सफर तय करने वाले राहगीर जान जोखिम में डालकर सफर तय करने पर मजबूर हैं। राह चलने वाले लोगों को अलाव जलते हुए कहीं भी दिखाई नहीं देता है। ठंड से बचने के लिए अधिकारियों द्वारा उचित प्रबंध ना किए जाने पर अधिकारियों की निष्ठा पर ग्रामीण लोग सवाल खड़े कर रहे हैं जबकि लोगों को ठंड से बचने के लिए सार्वजनिक स्थान, गली और चौराहों पर अलाव जलाए जाने का आदेश शासन स्तर से प्राप्त हो चुका है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न




**प्रयागराज।** 15 से 21 दिसम्बर तक जनपद प्रयागराज में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है। द्वतीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को सर्वप्रथम लीडर रोड स्टेशन के पास सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया जैसे- सड़क सुरक्षा सम्बन्धी स्लोगन, दो पहिया वाहन चालक, हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगा कर वाहन चलाये, नशे की हाल में वाहन न चलाये, रेड सिग्नल को पार न करें, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करें, तेज रफ्तार से वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, एवं अन्य प्रमुख चैराहों पर चलते हुए पैदल यात्रियों को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालने करने हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ सिविल लाइन्स बस अड्डा के पास परिवहन निगम के चालकों एवं परिचालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैम्प आयोजित कराकर नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत, सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रयागराज प्रथम दल, चिकित्सक डॉ0 पूजा कुशवाहा, डॉ0 रसीद अली, रणवीर सिंह चैहान, यात्रीकर/ मालकर अधिकारी, जी0एन0 मिश्रा, यात्रीकर/ मालकर अधिकारी रामसागर, यात्रीकर/ मालकर अधिकारी, महेन्द्र कुमार पाण्डेय, यात्रीकर/ मालकर अधिकारी एवं टैम्पो टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी, महामंत्री रमाकान्त तथा प्रवर्तन सिपाही उपस्थित रहे।

### भोपतपुर गांव में नगदी समेत आभूषण चोरों ने किया पार

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव में चोरों ने नगदी समेत स्वर्ण आभूषण चोरी कर पार कर गए। घटना की जानकारी पुलिस को दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपतपुर गांव निवासी विनय पांडे का परिवार रोज की तरह मंगलवार की रात भोजन के पश्चात अपने घर में सो रहा था। मौका देख कर चोरों ने छत के रास्ते सीढ़ी से उतर कर नीचे पहुंच गए। कमरें में रखा हुआ आलमारी व बक्सा का ताला तोड़ दिया। उसके अंदर रखा हुआ दस हजार रुपया नगद और सोने का झुमका जिसकी कीमत करीब चालीस हजार रुपए बताया गया। चोरों ने चोरी कर चंपत हो गए। भुक्तभोगी द्वारा मामले की जानकारी होने पर संबंधित थाने की पुलिस ने मामले की छानबीन कर रही है।

### नाम संशोधन

मेरे हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में पिता का नाम AMREN-DRA SINGH अंकित है जो गलत है। जब कि मेरे आधार कार्ड में पिता का नाम AMARENDRA SINGH सही है।

आशुतोष सिंह निवासी - कसेरूआ खुर्द, सहसों, प्रयागराज।

# जिला कारागार ने जनपद न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

## डीएम व एसपी भी साथ रहे मौजूद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रदीप शुक्ला, जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण कर बंदियों की समस्याओं को सुना एवं जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होने जिला कारागार में स्थित महिला बैरक, पाकशाला, जेल अस्पताल, मेडिसीन स्टोर, नियंत्रण कक्ष, बैरक 1 एवं 2, लीगल एड क्लीनिक एवं वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम, पुस्तकालय सहित जेल परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक रमाकान्त ने बताया कि जिला कारागार में कुल 1122 बंदी निरूद्ध है जिसमें 1028 पुरूष एवं 47 महिला तथा 47 किशोर बन्दी शामिल है। विचाराधीन महिला बंदियों के साथ कुल 06 बच्चे रह रहें है। दो महिला बन्दी गर्भवती है जिनका महिला चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। जनपद न्यायाधीश ने जेल अधिकारी को निर्देशित किया कि ठण्ड से बचाव हेतु कैदियों का ध्यान रखा जाये। महिला बैरक में जनपद न्यायाधीश व अन्य अधिकारियों ने विचाराधीन महिला बंदियों से उनके केस की जानकारी ली और उनके बच्चों को खाने की सामग्री प्रदान की और बच्चों को विद्यालय भेजने के निर्देश दिये। जिला कारागार में 18 वर्ष से कम आयु के निरूद्ध बन्दियों से मिलकर उनके अपराध एवं उनकी आयु के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत रीता बनर्जी द्वारा बन्दियों को आंवले के लड्डू बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बन्दियों से प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त की। जिला कारागार में पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया और जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि पुस्तकालय में पढ़ने हेतु पुस्तकें ज्यादा रखी जाये। पाकशाला के निरीक्षण में बन्दियों हेतु बनाये जा रहे भोजन की गुणवत्ता को देखा। अस्पताल के निरीक्षण में 03 मरीज भर्ती थे जिनके स्वास्थ्य एवं दवाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने अस्पताल में इधर-उधर फैले तारो की वायरिंग कराने हेतु निर्देशित किया। मेडिसीन स्टोर के निरीक्षण के दवाओं के रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिला कारागार के निरीक्षण में किसी बन्दी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तुये बरामद नही हुई। इस दौरान उप जेलर आफताब अंसारी उपस्थित रहे।



जिला कारागार का निरीक्षण करते बाहर निकलते जिला जज, डीएम व एसपी।

# महिलाओं के साथ हर वक्त साथ खड़ी मिलूंगीः प्राचार्या

## प्राचार्या डा0 नीलिमा श्रीवास्तव बनी समिति की अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश के शासनादेश एवं आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश अनुभाग-12 लखनऊ के पत्रांक के अनुक्रम में सर्वोच्च न्यायालय की विशाखा गाइड लाइन के तहत महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम-13 के अनुपालन में जिले में स्थानीय परिवाद समिति गठित की गई है।

इसे लेकर जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा द्वारा जिलाधिकारी के पत्रांक पर समिति की अध्यक्ष डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव प्राचार्या साकेत स्नातकोत्तर महा0वि0 को उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने कहा कि अब जनपद की महिलाओं के लिए उनके कार्यस्थल पूर्णतयः सुरक्षित है और जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों, औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं अन्य सभी कार्यस्थलों पर जहाँ महिलाएं कार्यरत है उनके कार्यालयाध्क्षों से अनुरोध है कि वे सभी अपने यहाँ आन्तरिक ग्रेवाइन्स कमेटी अवश्य गठित करे जिससे महिलाएं अपने कार्यस्थल पर सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने कहा कि मैं जनपद की सभी महिलाओं को विश्वास दिलाती हूँ जो कहीं भी कार्यरत है वे वहाँ सुरक्षित है और मैं चैबिसो घंटे सातों दिन उनके साथ सदैव खड़ी मिलूँगी।



प्राचार्या डा0 नीलिमा श्रीवास्तव को प्रमाण पत्र देते जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर सिंह।

# सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध होने पर डीएम से शिकायत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दशकों पूर्व से गांव के नवीन परती भूमि में अंकित सार्वजनिक रास्ते पर दबंग पिलर आदि बनाकर कब्जा कर लिया है। बुधवार को प्रधान संग दर्जनभर ग्रामीणों ने डीएम व एसपी को फिर शिकायती पत्र सौंपकर गांव के सार्वजनिक रास्ते को दबंग के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामसभा भाटीखुर्द गांव की प्रधान संगीता, रमेश वर्मा, मंजू देवी, पुनीत वर्मा, स्वतंत्र मिश्र, अभिशेक, आशीश प्रजापति, सभाजीत, नन्हें लाल वर्मा, राकेश कुमार सिंह, सुरेन्द्र बहादुर सिंह समेत दर्जनभर ग्रामीणों ने डीएम व एसपी को सौंपे शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के सार्वजनिक रास्ता गाटा संख्या 276 नवीन परती भूमि में अंकित है। इसी भूमि पर कई दशकों से ग्रामीणों का आवागमन होता रहा है। आरोप है कि उक्त सार्वजनिक भूमि पर गाव के एक व्यक्ति ने पिलर आदि बनाकर कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर कब्जे की शिकायत उपजिलाधिकारी, थाना दिवस, तहसील दिवस, पुलिस अधीक्षक से की गयी। शिकायत पर पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपित को कब्जा हटाने का निर्देष देकर वापस लौट आयी। ऐसे में ग्रामीणों की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने बुधवार को डीएम व एसपी को पत्र सौंपकर उक्त नवीन परती भूमि के सार्वजनिक रास्ते की पैमाइश कराकर रास्ता खोले जाने की मांग की है।

# शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की उठाई मांग

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पड़ोसी द्वारा लाइसेंसी बंदूक निकालकर फायर करने का प्रयास पर पीड़ित पड़ोसी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर बंदूक का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कंजा सराय गुलामी गांव के रहने वाले हिदायत अली ने बताया कि उसके पड़ोसी ने दो दिन पहले विवाद में लाइसेंसी बंदूक निकालकर फायर करने की कोशिश किया लोगों के बीच बचाव के कारण उसकी जान बच सकी, आरोपी आए दिन लाइसेंसी बंदूक निकाल कर डाला था धमकता है जिससे उसका जीना दूभर हो गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र लिखकर लाइसेंस को निरस्त करने की मांग उसने की है।

# स्काउट गाइड से होती है परस्पर सहयोग की भावनाः प्रभारी सीडीओ

## दो दिवसीय स्काउट गाइड रैली का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जिला संस्था प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्काउट गाइड जनपदीय रैली का समापन बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में किया गया। समारोह में राकेश प्रसाद, जिला विकास अधिकारी एवं प्रभारी सीडीओ, प्रतापगढ़ बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ किया गया।

समापन दिवस में प्रातः स्वच्छता श्रमदान,स्काउट झंडा शिष्टाचार किया गया। सामाजिक जागरूकता का संदेश देते हुए स्काउट गाइड दलों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जिसे जिला मुख्यायुक्त व डीआईओएस सरदार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बेसिक, कस्तूरबा, माध्यमिक और सीबीएसई विद्यालयों की स्काउट और गाइड के दलों ने गांठ, फांस, झांकी, पुल,तंबू, मीनार का निर्माण, शारीरिक प्रदर्शन, विकास प्रदर्शनी, बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। बच्चों ने सामूहिक लोक नृत्य और गायन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के अलग अलग वर्गों में पूर्व माध्यमिक विद्यालय छेमर सरैया, शंकर दयाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय, अमर जनता इं का कटरा गुलाब सिंह, राम नारायण इं का पट्टी, के पी हिंदू इं का, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीगंज, शंकर विद्यालय इं का कटैया जीजीआईसी प्रतापगढ़, कृपालु बालिका इं का कुंडा, कस्तूरबा बालिका विद्यालय लक्ष्मणपुर, जीआईसी प्रतापगढ़ सहित 11 विद्यालयों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग के द्वारा बच्चों में अच्छे संस्कार,सेवा भाव ,नैतिकता और संघर्षों का सामना करने का कौशल विकसित होता है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला संस्था की ओर से मुख्य अतिथि और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह को स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।सभी प्रतिभागी दलों ,निर्णायकों, प्रधानाचार्यों, सहयोगियों आदि को सम्मानित किया गया।स्काउट जिला आयुक्त प्रमोद तिवारी ने रैली के समापन की घोषणा किया।आभार ज्ञापन जिला सचिव डॉ.राघवेंद्र पाण्डेय और संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त संजीव शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला कमिश्नर गाइड गीता यादव,संयोजक प्रधानाचार्य जीआईसी कुलश्रेष्ठ तिवारी, डॉ.अनुपम ओझा, डॉ.अनूप सिंह, डॉ. पद्मधर शुक्ल, जिला बेसिक स्काउट मास्टर सुशील सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, नीलम शुक्ला, नरसिंह बहादुर सिंह, राजाराम यादव, पवन कुमार, मीनाक्षी पाण्डेय, सोनी ओझा, मंजू वर्मा आदि उपस्थित रहे।



शील्ड के साथ स्काउट गाइड के मेधावी बच्चे।

# कुण्डा व बाबागंज के कार्यकताओं से मिले गृह मंत्री अमित शाह

## गृह मंत्री अमित शाह के बुलावे पर दिल्ली पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** देश के गृहमंत्री के बुलावे पर कौशांबी लोकसभा क्षेत्र के कुण्डा बाबागंज विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता सांसद विनोद सोनकर के नेतृत्व में अमित शाह से मुलाकात किये। बता दें कि नम्बर माह में कौशांबी सांसद विनोद सोनकर गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर क्षेत्र के विकास कार्यों से अवगत कराया था। उस दौरान अमित शाह ने कौशाम्बी सांसद के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की सराहना की थी। खासकर मोदी स्वास्थ्य वैन के कार्यों को सराहा था।

उसी समय कुंडा बाबागंज के कार्यकताओं से मिलने की इच्छा व्यक्त की। देश के गृहमंत्री अमित शाह के बुलावे पर 32 कार्यकताओं को सांसद ने दिल्ली बुलाकर मंगलवार को लोकसभा में अमित शाह के ऑफिस में मुलाकात कराएं। कौशांबी सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर के साथ कुंडा बाबागंज के कार्यकताओं ने लोकसभा का भ्रमण किया। सांसद विनोद सोनकर के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष हरि ओम मिश्र,पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, सिंधुजा मिश्रा, मनोज तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्या, सांसद मीडिया भूपेन्द्र पाण्डेय,अखिलेश द्विवेदी, उदय शंकर पाण्डेय,ठाकुर प्रकाश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, आशुतोष जायसवाल डिंपू,योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, आशुतोष मणि द्विवेदी, महेश सिंह फौजी, मोनू शुक्ल, उदय मिश्र, सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, राकेश मोदनवाल, सरोज त्रिपाठी, सुमन साहू,रूपा गौतम,धीरेन्द्र मौर्य, बड़े लाल मौर्य, सूर्य देव सिंह, अमर जीत सिंह, भोला सेठ, राम कुमार कोरी,विजय पाल सरोज, सहित 32 कार्यकताओं ने सांसद के साथ लोकसभा का भ्रमण किया।



कुण्डा के कार्यकताओं के साथ मुलाकात करते गृह मंत्री अमित शाह।

# जंगली सुअर के हमले से किशोर घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के धमावां गांव के पास एक 12 वर्षीय सूर्यांश पुत्र प्रेम चंद्र मौर्य खेत में खेल रहा था। इसी बीच बकुलाही नदी की तरफ से एक जंगली सुअर ने उस पर हमला कर दिया। वह बुरी तरह से घायल हो गया। शोरगुल सुनकर जब भीड़ पहुंची तो सुअर भाग निकला। इसकी सूचना इलाहाबाद के एक छात्र ने वन विभाग तथा पुलिस को दी लेकिन घटना के 18 घंटे बाद भी कोई नहीं पहुंचा। घायल का इलाहाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# बड़ौदा यूपी बैंक के पक्ष में बंधक भवन की हुई विधिक कब्जा कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बड़ौदा यू.पी. बैंक, शाखा लालगंज अझारा के क्रानिक बकायेदार संदीप कौशल के विरुद्ध बकाया ऋण की वसूली हेतु जिला मजिस्ट्रेट, जनपद प्रतापगढ़ के आदेशानुसार सरफेसी की प्रभावी कार्यवाही करते हुए लालगंज स्थित आशा कौशल पत्नी सूर्य लाल के भवन संपत्ति की विधिक कब्जा करवाई की गई।

तहसीलदार लालगंज एवं पुलिस प्रशासन ने अपनी उपस्थित में बैंक के मुख्य प्रबंधक को कब्जा दिलाकर ताला लगा दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से तहसील प्रशासन और बैंक के अधिकारियों ने अपील किया कि लोग अपने ऋणों की किस्तों की अदायगी समय से सुनिश्चित करें और अपने कार्य व व्यवसाय को प्रगति के खुशहाल पथ पर ले चलें। बैंक पक्ष में बंधक संपत्ति पर बैंक द्वारा विधिक कब्जा कार्रवाई से, जानबूझकर ऋण ना जमा करने वाले बकायेदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।



कब्जा दिलाकर ताला लगाते बैंक कर्मी।

# खाद्य कारोबारियों का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के अनुपालन में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकारण के फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एण्ड सर्टीफिकेशन (फॉस्टेक) कार्यक्रम के अन्तर्गत राजा पाल टंकी चैराहा स्थित मोती महल डीलक्स होटल में खाद्य कारोबारियों का एक दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराया गया जिसमें प्रशिक्षक हरचरन कौर द्वारा जनपद प्रतापगढ के विभिन्न बाजारों के खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों का सुरक्षित रख-रखाव, कच्ची सामग्रियों और खाद्य का भण्डारण, भोजन पकाने की बेहतर पद्धतियों, खाद्य प्रसंस्करण, विनिर्माण, पैकेजिंग, परोसे जाने के तरीके, खाद्य परिसर की साफ-सफाई, अपशिष्ट निस्तारण, खाद्य प्रतिष्ठान में काम करने वाले श्रमिकों को शारीरिक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारे में प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों से 36 खाद्य कारोबारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रषासन विभाग से मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी, जनार्दन सिंह, अंजनी कुमार मिश्र, ऋचा पाण्डेय, विवेक कुमार तिवारी उपस्थित रहें।

# उत्तर प्रदेश राज्यपाल के बाई रोड चित्रकूट आगमन को लेकर आवागमन बाधित, चप्पे चप्पे पर पुलिस कर्मी रहे तैनात

अखंड भारत संदेश

**परियावां प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश महामहिम राज्यपाल के बुधवार को आगमन को लेकर प्रयागराज लखनऊ हाइवे के बार्डर सीमा ब्रह मौली रायबरेली सीमा से लेकर हाइवे के प्रमुख चैराहे से लेकर कौशाम्बी गंगापुल तक सड़क खाकी की छावनी मे तब्दील हो गई।

कौशाम्बी बाई पास बरियावा तिराहे पर मानिकपुर की तरफ से आने वाले वाहनों को रोक दिया गया पुलिस की गाडी हाइवे पर वाहनों को मानिकपुर की तरफ से ऊंचाहार की तरफ नही जाने दिया गया ट्रक के आगे पुलिस की बेड़ी गाडी लगा दी गई ताकि वाहन आगे ऊंचाहार की तरफ न जा सके। राज्य पाल के बाई रोड कौशाम्बी होते हुए चित्रकूट की तरफ जाने के लिए सुबह लगभग 10 बजे काफिला गुजरा। काफिला गुजर जाने के बाद आवागमन बहाल हुआ हाइवे पर लगभग एक घंटा रूट बाधित रहा जिससे बाई पास तिराहा से मानिकपुर की तरफ से आने वाले वाहनों की लम्बी कतार लग गई ऊंचाहार की तरफ से आने वाले बड़े वाहनों को सड़क के किनारे खड़ी करा दिया गया रोडवेज बस व छोटे वाहन को जाने दिया जा रहा था ब्राह्मौली बार्डर सीमा से लेकर बरियावां बाईपास तक सड़क किनारे ट्रको को हटा दिया गया था जिनको सड़क से हटाकर इधर उधर खड़ी करा दिया गया था हाइवे की सड़क पर भारी वाहनों का गुजरना बन्द हो गया था। काफिला गुजर जाने के बाद हाइवे की सड़क पर वाहनों का गुजरना शुरू हो गया।

# बेकाबू कर की चपेट में आने से साइकिल सवार अधेड़ की मौत, परिजनों में कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रिश्तेदारी से साइकिल से घर लौट रहे थे। अधेड़ की कार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार छोड़कर चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना लालगंज में लखनऊ वाराणसी हाईवे पर हुई। लालगंज कोतवाली के सराय जगत डिहवा निवासी 55 वर्षीय श्रीराम पाल पुत्र राम लाल पाल साइकिल से डेरवा रिश्तेदारी गया था। वापस लौटते समय लालगंज कोतवाली के समीप लखनऊ वाराणसी हाईवे पर सामने से आ रही बेकाबू कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस आनन फानन में उसे ट्रामा सेंटर ले गई। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर परिवार के लोग पहुंचे तो अस्पताल में कोहराम मच गया। पुलिस ने पृथक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। उधर घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार को मौके पर छोड़कर अज्ञात चालक भाग निकलने में कामयाब रहा। प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार के नम्बर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

# लोनी नदी के पुल के नीचे झाड़ियों में मिला नवजात बच्ची का शव

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के स्थानीय लोनी नदी के पुल के नीचे पांच माह के मासूम बच्ची का अल्प विकसित शव मिलने पर सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर छानबीन के लिए पहुंची। छानबीन के दौरान सामने आया कि किसी ने लोकलाज के भय से मासूम बच्ची को समय से पहले ही जन्म दिया और पहचान छिपाने के लिए उसे नदी के किनारे फेंक दिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति से सम्बन्धित संशोधित समय सारिणी जारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों हेतु छात्रवृत्ति से सम्बन्धित संशोधित समय सारिणी जारी की गयी है। उन्होने बताया है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों हेतु छात्र स्तर से आनलाइन आवेदन आदि की प्रक्रिया के प्रथम चरण में छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति हेतु आनलाइन आवेदन दिनांक 31 दिसम्बर 2023 तक किया जायेगा। 19 जनवरी 2024 तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं सलग्न अभिलेखों से समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जायेगा एवं आनलाईन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। उन्होने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वगे के छात्रों हेतु द्वितीय चरण के सम्बन्ध में बताया है कि 01 जनवरी से 31 मार्च तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन किया जायेगा। 15 अप्रैल 2024 तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं सलग्न अभिलेखों से समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जायेगा एवं आनलाईन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा।

# श्रीराम कथा में राम विवाह का वर्णन सुन मंत्रमुग्ध हुए भक्त

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर के मेला ग्राउंड में चल रहे सात दिवसीय श्री राम कथा के चैथे दिन मुकेश आनंद महाराज ने वहां पर मौजूद भक्तों के सामने भगवान राम और मां जानकी सीता के विवाह का वर्णन किया जिसको सुनकर सभी भक्त झूम उठे। पट्टी नगर में पट्टी नगर वासियों के सौजन्य से श्री राम कथा का आयोजन आगामी 22 दिसंबर तक किया गया है। संगीतमयी कथा के चैथे दिन कथावाचक मुकेश आनंद महाराज जी ने मां जानकी सीता और भगवान पुरुषोत्तम श्री राम के विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि सीता स्वयंवर के दिन राजा जनक किसी भी राजा के द्वारा धनुष न उठा पाने से निराश हो गए, गुरु की आज्ञा पाकर जैसे ही श्री राम ने धनुष की डोरी चढ़ाने की चेष्टा किया धनुष टूट गया। राम और जानकी विवाह पर देवतागण मुदित मन से फूलो की वर्षा किया। कथा में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष रामजी उमरवैश्य,जिला प्रचारक शिवप्रसाद जी,आलोक जी, दीपकदेव जी, प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्रा,एबीवीपी संगठन मंत्री अमितदेव जी, राजेश दूबे नन्दलाल जायसवाल, अतुल कुमार सिंह,विजय शंकर पाण्डेय, आदर्श सिंह,गौरव श्रीवास्तव, विजयेन्द्र सोनी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर फुंकनें से कई घरों की बत्ती गुल, लोग बेहाल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के नेताजीपुरम वार्ड के ट्रांसफार्मर फुंकने से कई घरों की बत्ती तीन दिनों से गुल है। बिजली नही होने से परेशान वार्ड के पीड़ित लोगों ने विभागीय अफसरों से कई बार समस्या के निजात दिलाने के लिए गुहार लगायी। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर नही बदला जा सका। ट्रांसफार्मर खराब होने से लगभग पचास से अधिक घरों की आपूर्ति बाधित है। इसके बावजूद भी विभाग के अफसर इसको बदलवा नही सके। जेई मो. अनवर ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना मिली है, शीघ्र ही इसे बदलवाया जाएगा।

# नर्सिंग होम के कथित चिकित्सकों की लापरवाही से मरीज की फिर हुई मौत

**महेवाघाट कौशाम्बी।** कथित चिकित्सकों की लापरवाही के चलते एक महिला मरीज की इलाज के दौरान पश्चिम शरीरा के एक अस्पताल में फिर मौत हो गई है महिला की मौत होने के बाद परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया और चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं मौके पर तमाम लोगों के भीड़ लग गई लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने से इनकार कर दिया है जिससे लोगों का आक्रोश और भड़क गया है अस्पताल किसके रहमोकरम पर चल रहा है आ कुशल लोग अस्पताल में मरीजों का इलाज कर रहे हैं मानक के अनुसार अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं दिया गया है अस्पताल के रजिस्ट्रेशन के मामले में एनजीटी के नियमों का भी पालन नहीं किया गया है सीएमओ कार्यालय के लिपिक की मेहरबानी पर अभिलेखों में हेरा फेरी कर गलत तरीके से अस्पताल को रजिस्ट्रेशन दे

## आक्रोशित परिजनों ने शव रखकर किया धरना प्रदर्शन नारेबाजी, एडीएम ने सीएमओ को नर्सिंग होम संचालक पर कार्रवाई के दिए निर्देश



दिया गया है लेकिन महिला मरीज की मौत के बाद भी अस्पताल संचालक और कथित चिकित्सक को बचाने का भरसक प्रयास शुरू हो गया है। मंझनपुर तहसील के थाना पश्चिम शरीरा अंतर्गत बौली चम्पहा की महिला सरोज देवी उम्र 46 वर्ष पत्नी भोरे लाल की तबियत खराब होने पर उसे इलाज के लिए जीवन दान हॉस्पिटल पश्चिम शरीरा में 12 दिसम्बर को भर्ती कराया गया था इलाज और ऑपरेशन के नाम पर कथित डॉक्टर ने लाखों रुपए मरीज के परिजनों से लूट लिया लेकिन कथित चिकित्सकों की लापरवाही के चलते मरीज के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका और देखते-देखते महिला मरीज की अस्पताल में तड़प तड़प कर मौत हो गई इलाज के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही के चलते महिला मरीज की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। अस्पताल संचालक और चिकित्सक पर तमाम गंभीर आरोप लगाए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन कथित चिकित्सक और नर्सिंग होम संचालक पर पश्चिम शरीरा पुलिस कार्रवाई करने को तैयार नही हुई जिस पर महिला के परिजन लाश को लेकर मंझनपुर डीएम ऑफिस पहुँच गए अपर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नर्सिंग होम संचालक पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# महामहिम राज्यपाल जी का कौशाम्बी जनपद भ्रमण कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल जी दिनांक 21 दिसम्बर 2023 को अपरान्ह 3:45 बजे माँ शीतला गेस्ट हाउस, सयांरा, कौशाम्बी पहुँचेंगी। तत्पश्चात अपरान्ह 4:30 बजे कड़ा शक्तिधाम पहुँचकर दर्शन-पूजन करेगी महामहिम राज्यपाल दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे ऑगनबाड़ी केन्द्र थुलगुला पहुँचकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। महामहिम राज्यपाल तत्पश्चात पूर्वान्ह 11:35 बजे जिला जेल पहुँचकर जिला जेल का भ्रमण करेंगी। महामहिम राज्यपाल मध्यान्ह 12:15 बजे कलेक्ट्रेट सभागार पहुँचकर केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओ की समीक्षा करने के पश्चात अपरान्ह 01:40 बजे पुलिस लाइन से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 21 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय आई0टी0आई0 सिराथू के परिसर में दिनांक 21 दिसम्बर 2023 को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में टाटा मोटर्स, गुडगांव के द्वारा आई0टी0आई0/डिप्लोमा एवं नॉन टेक्निकल सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों/रिज्यूम के साथ प्रतिभाग कर सकतें हैं।

## 21 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत मलाकरेजमा, रहीमपुर मौलानी, मोहनापुर, जवई, गोइन्ठा व अलवारा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा बिछौरा, तियरा जमालपुर, उमरछा, उमरवल, मकदूमपुर ढोकसहा व पौरकाशी रामपुर में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 21 दिसम्बर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्णमेरी कहानी मेरी जुबानीह्णके तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/ स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-धरती कहे पुकारह्ण एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# महामाया राजकीय महाविद्यालय में 59 छात्र छात्राओ को दिए गए स्मार्टफोन

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी में बुधवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार सरोज 'फौजी'और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अरविंद कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार सरोज फौजी ने कहा कि- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत प्रदेश के युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट प्रदान किये जा रहे है। 21वी सदी तकनीक की सदी है। हमारा युवा उस तकनीक से कंधा से कंधा मिलाकर चले। स्मार्टफोन से छात्र, छात्राओ को ऑनलाइन कक्षाओं को लेने, अपने विषय की समाग्री को प्राप्त करने और अन्य उपयोगी लाभ प्राप्त होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर

## प्राचार्य ने कहा कि आंधियो में भी ज्ञान का दीपक जला कर चले तकनीक से कंधा से कंधा मिलाकर चले, हो चिंतन का दायरा गहरा उसी के सबब ये स्मार्टफोन मिले



रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अरविंद कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार समय- समय पर अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश के जन सामान्य को लाभान्वित करती रही है। उन्ही योजनाओं में एक योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत युवाओं को स्मार्टफोन प्रदान किया जा रहा है। निश्चित रूप से स्मार्टफोन आज के समय की मांग है। छात्र छात्राएं अपने शिक्षा को रोटी- रोजगार से जोड़ने में सफल हो। उन्होंने कहा कि देश दुनिया के नए ज्ञान- विज्ञान से कनेक्ट रहे और सीखने सिखाने की प्रक्रिया में स्मार्टफोन बहुत सहायक होगा। उन्होंने अपनी चंद पंक्तियो से वक्त के सफर में हम सब हमसफर है। तकनीक का खेल कुछ ऐसा है कि हम धरा और नभ के शिखर है से कार्यक्रम का समापन किया। कुल 59 छात्र, छात्राओ को स्मार्टफोन प्राप्त हुए। कार्यक्रम का संचालन स्मार्टफोन नोडल अधिकारी डॉ0 अजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 रीता दयाल, डॉ0 पवन कुमार, डॉ0 तरीत अग्रवाल, डॉ0 नीलम बाजपेयी, डॉ0 भावना केसरवानी, डॉ0 सन्तोष कुमार, डॉ0 आनन्द कुमार डॉ0 शैलेश मालवीय एवम कमचारी तथा छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

# तेज नारायण मिश्रा एवं वैष्णवी त्रिपाठी को बेस्ट एथलीट ऑफ भवन्स चुना गया

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में दिनांक 20/12/2023 को दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन अनेक तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे प्री-प्राइमरी से लेकर इंटर तक के समस्त बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालक सीनियर वर्ग के 800मीटर रेस में आशुतोष भारती,हिमांशु शुक्ला एवं दिव्यांशु सिंह ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया।इसी तरह सीनियर गर्ल्स 600 मीटर रेस में आरती देवी,वैष्णवी त्रिपाठी एवं स्मृति केशरवानी ने प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया।सीनियर बालक वर्ग शॉटपुट में देवेंद्र,अमान रहमान एवं दिव्यांश जयसवाल ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।सीनियर गर्ल्स शॉटपुट में अलिश्बा फातिमा,फाल्गुनी मिश्रा एवं आयुषी साहू ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं

## भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार जूनियर बालक वर्ग के 600 मीटर रेस में आयुष यादव,हर्षित कुमार एवं अमित कुमार ने प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया।प्राथमिक वर्ग के बालक वर्ग 200 मीटर रेस में प्रभात सिंह,अल्तमश एवं आदित्य कुमार ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक बालिका वर्ग में कृतिका, माही एवं रिद्धि ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी वर्ग के फ्रॉग रेस में सार्थक सिंह, आरव एवं अक्षत श्रीवास्तव ने क्रमशःप्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया।निदेशक संदीप सक्सेना एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया है। संचालन रामसनेही श्रीवास्तव एवं राकेश सिंह ने किया। इस अवसर पर सीनियर अध्यापक अवधेश मिश्रा, सुशील कुमार श्रीवास्तव,शिवम केशरवानी, रामनाथ बिहारी,संदीप यादव, नागेन्द्र द्विवेदी, विवेक केशरवानी, विवेक शंकर चतुर्वेदी, श्रीमती रश्मी पाठक, श्रीमती रजनी श्रीवास्तव, श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती साहिबा जरीन, सीता यादव, खुशबू गुप्ता, अंकिता पटेल,नसीम अंसारी, पियूष प्रियांशू मिश्रा एवं आशीष शर्मा आदि सभी ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अदा किया। प्रतियोगिता के अंत में बालक वर्ग में तेज नारायण मिश्रा एवं बालिका वर्ग में वैष्णवी त्रिपाठी के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बेस्ट एथलीट ऑफ भवन्स के खिताब से नवाजा गया। निदेशक संदीप सक्सेना एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने खेल शिक्षक सुधाकर सिंह को प्रतियोगिता के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर बधाई देते हुए प्रतियोगिता के समाप्त होने की घोषणा किया।

## अधूरा रैन बसेरा निर्माण छोड़ भागा इलाहाबादी ठेकेदार जिम्मेदार मौन!

**पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना में करोड़ों के बजट में जमकर की गई बंदर बांट**



**अझुवा कौशांबी(** आदर्श नगर पंचायत अझुवा को सन 2020_ 2021 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना में शामिल कर प्रदेश सरकार ने करोड़ों का बजट अवमुक्त किया जिसमे जिम्मेदारों ने जमकर बंदर बांट कर योजनाओं में खेल किया है जिसकी एक बानगी नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में एक रैन बसेरे जिसकी लागत 11 लाख 11 हजार 722 रुपए निर्धारण कर निर्माण होना था लेकिन रैन बसेरे का आज तक निर्माण पूरा नहीं हो सका है सामने दीवार,दरवाजा लगवा दिया लिंटर,फर्श आज भी नहीं पड़ा, यहां अलाव की भी कोई व्यवस्था नहीं है। प्रशासनिक आदेशों के अनुसार कोई भी जरूरत मंद ठंड से परेशान न हो रैन बसेरों का इसीलिए सरकार ने निर्माण करवाने का उद्देश रखा था लेकिन जिम्मेदार सिर्फ कमीशन बाजी में व्यस्त रहते हैं वहीं नगर पंचायत कार्यालय कर्मी ने बताया रैन बसेरे निर्माण का अधूरा पेमेंट हुआ है जितना पेमेंट हुआ ठेकेदार ने उतना कार्य पूर्ण करवा दिया।अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह ने बताया संबंधित ठेकेदार को नोटिस देकर शीघ्र कार्य पूर्ण करवाया जायेगा।

## पहाड़पुर सुधवर गांव में हो रहा है श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**सैय्यद सरावा कौशाम्बी** शिव शक्ति महायज्ञ पहाडपुर सुधवर गांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन महन्त हंसमुनि महराज पंचायती अखाड़ा प्रयागराज भी श्री मद भागवत कथा में शामिल हुए शिव शक्ति महायज्ञ में श्रोताओं ने श्रीमद् भागवत कथा का आनंद उठाया श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर उपस्थित भक्त जनों का ध्यान आकर्षित करते हुए ब्यास श्री वेंकटेश महाराज ने सभी स्रोताओ को अपनी ओर आकर्षित करते हुए श्रीमद् भागवत के महात्म को बताया आयोजित कर्ता राम अभिलाष चंदू तिवारी तथा कई लोग कार्यक्रम में शामिल रहे सदस्यगणो ने कोटी-कोटी धन्यवाद दिया 19 वर्ष से लगातार सभी ग्रामीण और 10008 श्री पागलदास जी महाराज जी का आशीर्वाद से श्री मद भागवत कथा का आयोजन हो रहा है जिस तरह भारत में सनातन धर्म का प्रचार हुआ हैं जिसमें शामिल हुए कार्य कर्ता,श्रवण कुमार पांडेय, रोहित कुमार, रौनक त्रिपाठी ,विकास तिवारी,दीपक पाण्डेय राजकुमार ने मिल जुल कर दिक्कत वर्षो की बात इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में सहयोग किया।

# एम वी कॉन्वेंट स्कूल और कॉलेज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय डिस्ट्रिक बास्केट बॉल टूनार्मेंट सम्पन्न

**मनौरी कौशाम्बी।** चायल तहसील के कोइलहा स्थित एम वी कॉन्वेंट स्कूल और कालेज पुरामुफ्ती में 18 दिसम्बर से चल रहे तीन दिवसीय बास्केट बॉल टूनार्मेंट व-17 और व-19 बालक एवम बालिका वर्ग बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ जिसमें एम वी कॉन्वेंट स्कूल और कालेज के चेयरमैन वाचस्पति विधान सभा विधायक बारा मुख्य अतिथि आर एस बेदी सर बास्केट बॉल एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीमती अनुभा शर्मा प्राचार्या एम वी सी एस सी पुरामुफ्ती कोच प्रिंसिपल्स टीचर्स साहित 10 से अधिक टीम अपने भव्य प्रदर्शन के साथ उपस्थित रहे। अंतिम मैच तक जोरदार प्रदर्शन करते हुए एम वी कॉन्वेंट स्कूल गोहनिया उपविजेता और संस्कार इन्टर नेशनल स्कूल टीम विजेता ने बाजी मारी। एम वी कॉन्वेंट और कालेज पुरामुफ्ती की प्रधानाचार्या तथा मुख्य अतिथि के द्वारा




सभी टीमों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी, शील्ड और सर्टिफिकेट से प्रतिभागियों और उनके प्रशिक्षकों को सम्मानित और पुरुस्कृत किया गया। श्री बेदी ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा ₹व्यक्ति के जीवन में खेल से अनुशासन तथा अनुशासन से सफलता प्राप्त होती है।₹ कार्यक्रम के अंत में एम वी कॉन्वेंट स्कूल और कॉलेज की प्रधानाचार्या, को ऑर्डिनेटर सचिन खन्ना अंकित हरीश यादव सौरभ श्रीमती साधना द्विवेदी स्पोर्ट्स कोच कमलेश सिद्धार्थ शुक्ला आनंद श्रद्धा मंजू अविनाश फहीम रवि भूषण तथा अन्य प्रशिक्षक एवम अध्यापक गण ने श्री बेदी एवम निर्णायक मण्डल का धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया।

# न्यूज झरोखा

## श्री मोदनसेन फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज के उत्थान पर हुई विस्तृत चर्चा




**कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के इस्माइलपुर में बने जिला पंचायत गेस्ट हाउस में बुधवार दोपहर श्री मोदनसेन फाउंडेशन द्वारा सम्मान एवं भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण केसरवानी का समाज के अगवा नेम चंद्र मोदनवाल एवं जय नारायण मोदनवाल ने शाल ओढाकर सम्मान किया इसके बाद श्री मोदनसेन फाउंडेशन की ओर से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में मोदनवाल समाज के युवाओं के आगे बढ़ने शिक्षा एवं दहेज प्रथा के खिलाफ शादी आदि पर चर्चा हुई.गोष्ठी के बाद भोज का आयोजन हुआ जिसमें सभी लोगों ने साथ मे भोजन ग्रहण किया, कार्यक्रम में मोदनवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप मोदनवाल,भाजपा नेता पप्पू मोदनवाल,अजय मोदनवाल,मुन्ना मोदनवाल, लालजी मोदनवाल कड़ा, राम शंकर मोदनवाल, संजीत मोदनवाल, उमेश पटेल श्यामू अग्रहरि समेत काफी संख्या में मोदनवाल समाज के लोग मौजूद रहे।

## शेखपुर रशूलपुर में सफाई कर्मचारी की मनमानी से ब्याप्त है गंदगी



**सैय्यद सरावा कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव में सफाई व्यवस्था चौपट हो चुकी है सफाई कर्मचारी बेलगाम है मनमानी तरीके से वह साफ सफाई व्यवस्था को संचालित करना चाहता है जिससे पूरे गांव में गंदगी व्याप्त है लेकिन अधिकारी भी सफाई कर्मचारी की मनमानी पर रोक लगाते नहीं दिख रहे हैं गांव में सफाई अभियान पर ध्यान न देकर सफाई कर्मचारी आराम फरमाते है गांव की साफ सफाई पर ध्यान नही है गाँव के लोगों का कहना है कि कभी-कभी सफाई कर्मी गांव आकर कुछ समय गाँव में तफरी कर के ग्राम प्रधान से मुलाकात कर के चले जाते हैं ग्राम प्रधान से सफाई कर्मचारी के क्या रिश्ते हैं यह जांच का विषय है सफाई के नाम पर पूरे गांव में गंदगी व्याप्त है गांव की गलियों में नालियां बजबजा रही है जिससे दुर्गंध उठ रही है और दुर्गंध के चलते गंभीर बीमारी की आशंका बनी हुई है कई बार लोगों ने मामले के शिकायत खंड विकास अधिकारी से की लेकिन उसके बाद भी सफाई कर्मचारी के मनमानी पर रोक नहीं लग सकी है ग्रामीणों ने एक बार फिर जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए गांव की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने और बेलगाम सफाई कर्मी पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## एडवोकेट के निधन पर पूर्व संसद में अर्पित किया श्रद्धा सुमन



**भरवारी कौशाम्बी** एडवोकेट शिव लाल निवासी ग्राम जनका मनौरी का बुधवार को निधन हो गया निधन की सूचना पर जनसत्ता दल के प्रधान महासचिव एवम पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार एडवोकेट के घर पहुँचे और श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस मौके पर उन्होंने परिवार का हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है एडवोकेट की मौत की जानकारी मिलते ही उनके दरवाजे पर शुभचिंतकों की भीड़ लग गई और लोगों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

## राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की कंसल्टेंट ने स्कूल और आंगनवाड़ी का किया निरीक्षण




**कौशाम्बी** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की कंसल्टेंट सुश्री नंदिनी तथा सुश्री रजनी सिंह द्वारा आज आंगनबाड़ी केंद्र सैदनपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदनपुर, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर कोतरी पश्चिम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करारी, आंगनबाड़ी केंद्र अवाना आलमपुर, प्राथमिक विद्यालय अवाना आलमपुर एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अवाना आलमपुर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## चालकों का नेत्र परीक्षण कर वितरित किया गया चश्मा




**कौशाम्बी।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 15.12.2023 से 31.12.2023 तक के अन्तर्गत 20 दिसम्बर को परिवहन विभाग कौशाम्बी की और से सैनी बस स्टैंड पर नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नामित चिकित्सक द्वारा चालकों एवम् परिचालको का नेत्र परीक्षण एआरटीओ कौशाम्बी तारकेश्वर मल्ल की उपस्थिति में संपन्न कराया जिसमें लगभग 50 से 55 चालकों का परीक्षण कराया गया तथा चश्मे का वितरण भी एआरटीओ द्वारा किया गया।

## दीनदयाल अन्त्योदन योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत करें आवेदन

**कौशाम्बी** दीनदयाल अन्त्योदन योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद् मंझनपुर में स्वयं सहायता समूह एवं उनके संघो के गठन के लिए सी0आर0पी0 का चयन किया जाना है। यह जानकारी एसडीएम/परियोजना अधिकारी डूंडा ने देते हुए बताया कि जिला नगरीय विकास अभिकरण डूंडा से आवेदन पत्र प्राप्त कर सी0आर0पी0 के आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, शैक्षिक योग्यता, आय प्रमाण पत्र 02 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संलग्न कर दिनांक 25 दिसम्बर 2023 तक इच्छुक महिला जिला नगरीय विकास अभिकरण डूंडा कार्यालय, विकास भवन मंझनपुर में जमा कर सकतीं है। उन्होने बतायास कि लाभार्थी जिला नगरीय विकास अभिकरण, डूंडा द्वारा नगर पालिका परिषद् मंझनपुर में योजनान्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह क्षेत्र स्तरीय समिति व शहर स्तरीय समिति की महिला सदस्य हो, न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल हो, मोबाइल एप चलाने में निपुण, डिजीटल साक्षरता की सामान्य जानकारी एवं अधिकतम आयु 20 से 45 वर्ष हो।

## पशुबाड़े का ताला तोड़कर पांच बकरियां ले गए चोर

**महेवाघाट कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव में मंगलवार की रात पशुबाड़े का ताला तोड़कर चोर पांच बकरियां ले गए।पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।गनेशपुर गाँव निवासी कुलदीप पाल पुत्र केदारपाल पशुपालन करके परिवार का भरण-पोषण करता है।मंगलवार की शाम पशुओं को मकान के पास बने पशुबाड़े में बांध दिया और घर आकर खाना खाने के बाद सो गया। सुबह जब पशुपालक पशुबाड़े पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। पशुबाड़े का ताला टूटा मिला व पांच बकरियां गायब मिली।

## कम्पोजिट विद्यालय में चोरी, एमडीएम भोजन बनने में दिक्कत

**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत कस्बा भरवारी के नगर पालिका परिषद भरवारी के परसरा कम्पोजिट विद्यालय में सोमवार की रात्रि स्कूल का ताला काटकर एम डी एम से संबंधित सभी उपकरण की चोरी हो जाने से स्कूल में एम डी एम बनने से बाधा उतपन्न हो गया था। इस पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार मिश्रा ने लोगो की मदद से गैस सिलेंडर बर्तन मांग कर बच्चो का दोपहर का भोजन बनाया रविन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी सभी उच्च अधिकारियों को सुचित कर दिया गया है उम्मीद है यथा शीघ्र अधिकारी द्वारा स्कूल की व्यवस्था कर बच्चो का एम डी एम सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा तब तक वैकल्पिक व्यवस्था जरूर रहेगी इस बीच स्कूल में फ्रेसिसिक टीम भी जांच करने आई थी।

## संपादकीय

# लोकतंत्र के लिए खतरनाक है थोक में सांसदों का निलम्बन

**इन** तमाम परिस्थितियों को देखते हुए एकदम स्पष्ट है कि दोनों सदनों के संचालक (क्रमशः अध्यक्ष व सभापति) सरकार के मददगार बनकर काम कर रहे हैं। वे भी नहीं चाहते कि सरकार के सामने कोई भी विपक्ष खड़ा हो जो मोदी, उनकी सरकार व पार्टी को असहज स्थिति में डाल सके। इन तरीकों से हो सकता है कि मोदी अगला चुनाव फिर से जीत जायें परन्तु ऐसे फैसले लोकतंत्र के लिये घातक हैं।

सोमवार का दिन भारत के संसदीय इतिहास के सर्वाधिक काले दिनों में से एक कहा जायेगा जब लोकसभा के 78 सदस्यों को निलम्बित कर दिया गया। ये सांसद पिछले बुधवार (13 दिसम्बर) को संसद में कुछ युवकों द्वारा किये गये प्रदर्शन को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग पर अड़े थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसे सदन के कामकाज में व्यवधान मानते हुए इन्हें सत्र के लिए निलम्बित कर दिया। इसी विषय पर 14 तारीख को लोकसभा के एक तथा राज्यसभा के 13 सदस्यों को भी निलम्बित किया गया था। इस प्रकरण में अलग-अलग तरीकों से व विभिन्न नियमों का हवाला देकर कुल 151 सदस्यों को अब तक निलम्बित कर दिया गया है। थोक के भाव में सांसदों को बाहर का रास्ता दिखलाना यह दशार्ता है कि संसद को पूरी तरह से विपक्ष मुक्त बनाने का अभियान भारतीय जनता पार्टी द्वारा जो चलाया जा रहा है वह अपने चरम पर पहुंच गया है। लोकतंत्र के लिए यह बेहद खतरनाक है। किसी भी जनतांत्रिक प्रक्रिया में इसे अनुचित ही माना जायेगा क्योंकि सदन आखिर बना ही चर्चा के लिए है और विपक्ष का काम सरकार से प्रश्न पूछना ही है। सरकार का दायित्व है कि वह जवाब दे। हंगामे का जो कारण था, वह इस बात के लिए पर्याप्त आधार है कि सांसद उद्वेलित हों। जिस प्रकार से दो लोग लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद पड़े थे और उनमें से एक व्यक्ति एक से दूसरी बेंच पर छलांगें लगाकर भागता रहा, उससे संसद की सुरक्षा व्यवस्था में गम्भीर खामी सामने आई थी। यह मामला सांसदों की सुरक्षा से तो जुड़ा ही है, इसकी गम्भीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह कृत्य संसद पर 22 वर्ष पहले हुए आतंकी हमले के ही दिन हुआ। विदेश में बैठे एक अलगाववादी नेता ने इसी दिन पर हमले की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद जिस तरीके से ये साधारण से दिखने वाले व्यक्ति आये, एक ने पीला धुआं फैलाया और शेष ने सदन के बाहर नारेबाजी की, सारा कुछ अपने आप में मसले की नजाकत व उसे देश की सर्वोच्च पंचायत के भीतर बहस योग्य तो बनाता ही है। फिर, इस पर अगर विपक्ष गृह मंत्री से जवाब नहीं चाहेगा तो और किससे मांग की जायेगी? जिस दिन से यह घटना हुई है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं सदन से गायब हैं। यह मामला तो ऐसा है कि उन्हें खुद ही उपस्थित होकर सदस्यों को संतुष्ट करना था। मजेदार बात तो यह है कि संसद की सुरक्षा व्यवस्था को सुधारने का आश्वासन मोदी सदन के बाहर दे रहे हैं। उन्होंने कहा है कि कमियों को दूर किया जा रहा है। यह बात उन्हें सदन के भीतर कहने से आखिर क्या गुरेज है, यह समझ से परे है। मोदी व उनकी सरकार का इतिहास ऐसा ही रहा है। 2014 और 2019 में भी बड़ी संख्या में विपक्षी दलों को निलम्बित करने के उदाहरण देश देख रहा है। एक तो वे या उनके जिम्मेदार मंत्री सदन में जवाब नहीं देते और सदन में जब सदस्य इसकी मांग करते हैं तो उन्हें निलम्बित कर दिया जाता है। हाल ही में मणिपुर और गौतम अदाणी के मामलों में भी यही देखा गया। कांग्रेसी नेता राहुल गांधी व टीएमसी की महुआ मोइत्रा की सदस्यता छीनी गई। तरीका चाहे जो भी रहा। इस मामले में मोदी की कथनी व करनी में बड़ा अंतर नजर आता है। अभी इसी सत्र के शुरूआती अवसर पर मोदी का आग्रह था कि विपक्ष सकारात्मक रवैया अपनाये। उन्होंने कहा भी था कि प्रतिपक्ष हाल के विधानसभा चुनावों में पराजय का गुस्सा छोड़कर सदन में आये। इससे देश का उनकी ओर देखने का नजरिया भी बदलेगा। यह तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा था लेकिन मोदी ने यह भी कहा था कि विरोधी नेता सरकार की गल्तियां बताए। उन्होंने विपक्षी दलों को सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया था। उसके पहले नये संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर भी प्रधानमंत्री इसी तरह की बातें करते नजर आये थे। अब विपक्ष जब सरकार की खामियां सामने ला रहा है, तो मोदी व शाह सदन में जवाब देने से बचते फिर रहे हैं। यूं तो मोदी परस्पर संवाद के लिए हमेशा अपनी व सरकार की तैयारी बतलाते हैं परन्तु सच्चाई तो यह है कि वे जरूरी मुद्दों पर न तो सदन के भीतर चर्चा कराना चाहते हैं और न ही बाहर। सदन के अंदर जब भी उन्हें कहते सुना गया है तो वह है विपक्ष पर हमला और इतिहास में जाकर पिछले 75 वर्षों की बातें करना। किसी भी विषय पर तार्किक, तथ्यात्मक, आंकड़ों के साथ और बिन्दुवार जवाब देने की बजाये वे संवाद को अनर्गल और कटु मोड़ देते हुए ही दिखाई दिये हैं। सदन के भीतर उनकी कही बातों पर मेजें थपथपाने वाले लोगों का बहुमत है तो बाहर आयोजित होने वाली उनकी सभाओं में पार्टी कार्यकर्ता हैं, जो उनकी तथ्यहीन बातों पर 'मोदी मोदी' का शोर मचाने में माहिर हैं। सदन के भीतर की ही तरह बाहर भी वे किसी के सवालों का जवाब नहीं देते। प्रेस कांफ्रेंस वे करते नहीं और कभी-कभार वे मीडिया से कोई बात करते भी हैं तो वह एकतरफा। सवाल वे लेते नहीं।

तुर्रा यह कि इसके बाद भी वे भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' या 'दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र' कहते हैं। कांग्रेस मुक्त व विपक्ष मुक्त भारत का नारा देने वाले मोदी अपने विरोधियों को जिस योजनाबद्ध तरीके से खत्म कर रहे हैं, उसी के एक विस्तार कार्यक्रम की तरह संसद के दोनों सदनों से थोक के भाव में सदस्यों को निलम्बित किया जा रहा है। कहने को तो यह निलम्बन लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा के सभापति का निर्णय लग सकता है परन्तु इन दोनों का जो व्यवहार देखा गया है उसके मुताबिक दोनों ने सरकार व भाजपा के अंग की तरह यह काम किया है।

# भगवत गीता कोरा ग्रंथ, शास्त्र ही नहीं, जीवन-दर्शन है

**ललित गर्ग**



श्रीमद् भगवद गीता या गीता, कुरुक्षेत्र में महाभारत युद्ध की शुरूआत से पहले भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच होने वाला संवाद है। मान्यता के अनुसार, जिस दिन श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था, उस दिन को ही गीता की जन्मतिथि मानते हुए गीता जयंती मनाई जाती है। प्रत्येक वर्ष मार्गशीर्ष महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को गीता जयंती का पर्व मनाया जाता है। गीता कई सदियों पुराना ग्रंथ है, इसके हर शब्द में निहित तर्क, ज्ञान, जीवनदृष्टि एवं संसार को देखने एवं जीने का सार्थक नजरिया इसे एक कालातीत, सार्वभौमिक एवं सार्वकालिक मार्गदर्शक बनाता है। भगवद गीता के चिरस्थायी मार्गदर्शक सिद्धांतों को समझने से हमें रोजमर्रा की जिंदगी में कैसे और क्यों की गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह एक अलौकिक, अद्भुत एवं कालजयी रचना है, जो हमें हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा से परिचित कराती है। इसके श्लोकों में हमें रोजमर्रा की जिंदगी की विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजने, जीवन की सच्चाई से परिचित होने और अंधविश्वास एवं झूठी मान्यताओं से मुक्ति पाने में मदद मिल सकती है। गीता का ज्ञान हमारे संदेहों एवं शंकाओं को दूर करता है और हमारे आत्मविश्वास का निर्माण करता है। सारांश रूप में देखा जाए तो गीता में आत्मा की नश्वरता (अमरता) ह्यनैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकःह्न और कर्म (कर्त्तव्य पालन) ह्यकर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचनह्न का उपदेश दिया गया है। गीता सार है कि अपने कर्तव्य से भागना कायरता है, इसकी वजह से घर-परिवार और समाज में अपमानित होना पड़ सकता है।

श्रीमद् भगवद गीता एक प्रमुख हिंदू धर्मग्रंथ है जो महाकाव्य महाभारत का एक हिस्सा है। जिसमें दोहे/श्लोक हैं, इसके पाठ को संरचनात्मक रूप से 18 अध्यायों में विभाजित किया गया है। भगवद गीता को एक राजकुमार अर्जुन और भगवान के अवतार श्रीकृष्ण के बीच एक संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है। महाभारत युद्ध शुरू होने से ठीक पहले का यह संवाद सृष्टि की अनमोल धरोहर है। सुलह के कई प्रयास विफल होने के बाद, युद्ध अपरिहार्य था। आखिररकार युद्ध का दिन आ गया और सेनाएं युद्ध के मैदान में आमने-सामने हुईं। जैसे ही युद्ध शुरू होने वाला था, अर्जुन ने विरोधी ताकतों पर अधिक बारीकी से नजर रखने के लिए अपने सारथि श्रीकृष्ण से रथ को युद्ध के मैदान के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण ने रथ आगे बढ़ाया और भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य के सामने ले जाकर खड़ा कर दिया। अर्जुन ने जब कौरव सेना में अपने कुटुम्ब के लोग देखे तो वह निराश हो गए थे। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मैं युद्ध नहीं चाहता। मैं संन्यास लेना चाहता हूं। अपने कुंटुम्ब के लोगों को मारकर मिलने वाला राज्य मेरे लिए किसी काम का नहीं है। अर्जुन उनसे लड़ने के बारे में नैतिक दुविधा की स्थिति में होकर धनुष छोड़ देते और श्रीकृष्ण से मदद मांगते हैं। श्रीकृष्ण अर्जुन को किंकर्तव्यविमुढ़, मोहग्रस्त एवं सांसारिकता में उलझा हुआ देखकर बोध देते हैं। इन दोनों के बीच जो बातचीत हुई, श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो सलाह, संदेश और उपदेश दिए, उसे अब भगवद गीता के नाम से जाना जाता है। असल में गीता कोरा ग्रंथ नहीं, जीवन-दर्शन है। सदियों पहले दिये गये भगवान श्रीकृष्ण के गीता के उपदेश आज के समय में लोगों के जीवन की घोर निराशा, परेशानियों, सांसारिकता से निकालने का काम करते हैं। गीता को न सिर्फ हिंदू बल्कि दूसरे धर्म से जुड़े लोग भी अपने जीवन में अपनाते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है, दुष्टों की दृष्टि का विस्तार होता है और अधर्म की वृद्धि होती है तब-तब मैं अवतार लेता हूं. या प्रतिनिधि के रूप में किसी महापुरुष को भेजता हूं ताकि विश्व के अंदर शांति तथा धर्म का साम्राज्य स्थापित हो सके। गीता को श्रीमद्भगवद्गीता और गीतोपनिषद के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से समस्त कठिनाइयों और शंकाओं का निवारण होता है। गीता में श्रीकृष्ण के द्वारा बताए गए उपदेशों पर चलने से व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। गीता के उपदेश में जीवन को जीने की कला, प्रबंधन और कर्म सब कुछ है। गीता के उपदेश के जरिए श्रीकृष्ण ने मनुष्य को अच्छे-बुरे और सही-गलत का फर्क बताया है। इस दिन गीता का पाठ करने से, उसके उपदेश पढ़ने से व्यक्ति को जीवन उजाला मिलता है, मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके अलावा इस दिन पितरों के नाम से तर्पण करने से आपके पितरों को भी मोक्ष की प्राप्ति होती है। उपवास रखने से व्यक्ति का मन पवित्र होता है और शरीर स्वस्थ होता है। साथ ही व्यक्ति को पापों से छुटकारा मिलता है एवं जीवन में सुख शांति का अनुभव होता है।

गीता के पहले अध्याय में अर्जुन के प्रश्नों की बौछार के आगे श्रीकृष्ण मौन थे। अर्जुन श्रीकृष्ण से लगातार प्रश्न कर रहे थे। युद्ध न करने के निर्णय को सही बताते हुए अपने तर्क दे रहे थे। लेकिन, श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कुछ नहीं कहा। श्रीकृष्ण का मौन देखकर अर्जुन की आंखों से आंसू बहने लगे तब भगवान ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। जब तक व्यक्ति स्वयं को बुद्धिमान मानता है और व्यर्थ तर्क देता है, तब तक भगवान मौन रहते हैं।

लेकिन, जब व्यक्ति अहंकार छोड़कर भगवान की शरण में चला जाता है, तब वे भक्त के सभी प्रश्नों के उत्तर देते हैं। जब हम अहंकार छोड़ देते हैं, तब ही भगवान की कृपा मिलती है। अर्जुन की आंखों में जब आंसू आ गए, तब श्रीकृष्ण ने अर्जुन के अज्ञान एवं मोह को दूर करने के लिए उपदेश दिया। गीता में भगवान ने अर्जुन को कर्म और कर्तव्य का महत्व समझाया। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि उठो और अपना कर्म करो। सभी तरह के मोह का त्याग करो और युद्ध करो। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, ह्यपार्थ! तुम केवल कर्म करो, फल की चिन्ता मत करोह्न श्रीकृष्ण का यह संदेश केवल अर्जुन के लिये नहीं, सम्पूर्ण मानव जाति के लिये था। कर्म के प्रति आसक्ति मनुष्य के अन्दर ह्यमैंह्न का भाव पैदा करती है। गीता मनुष्य को इस ह्यमैंह्न से मुक्त करके निष्काम कर्म का संदेश देती है। भगवान कहते हैं कि अगर कोई निरंतर निराकार की भक्ति कर सकता है, तो वह भी मुझे पा सकता है।

भारतीय संस्कृति में गीता का स्थान सर्वोच्च है। भारतीय साधु-संन्यासियों के अन्तरतम में वीणा की झंकार की तरह गीता के श्लोक झंकृत होते हैं। कथा-प्रवचनों से लेकर घर-घर तक जीवन-सुधार परक उपदेश, नीति-नियमों का जो भी ज्ञान दिया जाता है, उसमें गीता का प्रकाश कहीं न कहीं अवश्य निहित जान पड़ता है। धरती पर शायद ही ऐसा कोई स्थान हो, जो गीता के प्रभाव से मुक्त हो। भारत भूमि तो उसके स्पर्श से धन्य हो गई है। गीता को, धर्म-अध्यात्म समझाने वाला अमोल काव्य कहा जा सकता है। सभी शास्त्रों का सार एक जगह कहीं यदि इकट्ठा मिलता हो, तो वह जगह है-गीता। गीता रूपी ज्ञान-गंगोत्री में स्नान कर अज्ञानी सद्ज्ञान को प्राप्त करता है। पापी पाप-ताप-संताप से मुक्त होकर संसार सागर को पार कर जाता है।

गीता को माँ भी कहा गया है। यह इसलिए कि जिस प्रकार माँ अपने बच्चों को प्यार-दुलार देती और सुधार करते हुए महानता के शिखर पर आरूढ़ होने का रास्ता दिखाती है, उसी तरह गीता भी अपना गान करने वाले भक्तों को सुशीतल शांति प्रदान करती है। यह मनुष्यों को सद्शिक्षा देती और नर से नारायण बनने के राह पर अग्रसर होने एवं मोक्ष प्राप्ति की प्रेरणा प्रदान करती है। गीता का गान करते-करते मनुष्य उस भावलोक में प्रवेश कर जाता है, जहाँ उसे अलौकिक ज्ञान-प्रकाश, अपरिमित आनन्द प्राप्त होता है। वह न कोई शास्त्र है, न ग्रन्थ है। वह तो सबको शीतल छाया देने वाला, ज्ञान का प्रकाश देने वाला, शंकाओं एवं आशंकाओं को दूर करने वाला कल्पवृक्ष है। प्रेषकः

# अल्लाह बनाम इंसान का फैसला

**राकेश अचल**




**दिसंबर** का महीना बर्फवारी का मौसम होता है। इस मौसम में बर्फ पिघलने के बजाय आसमान से बरसती है, ठीक उसी तरह जिस तरह पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती सुप्रीम कोर्ट द्वारा धारा 370 पर दिए फैसले पर बरस रहीं हैं। देश की महिला नेत्रियों में महबूबा मुफ्ती तमाम असहमतियों के बावजूद मेरी प्रिय नेता है। उनके अलावा मुझे सुश्री ममता बनर्जी, की राजनीति अच्छी लगती है। महबूबा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से असहमति बताते हुए कहा है कि ये अल्लाह का फैसला नहीं है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

जम्मू-कश्मीर से धारा 370 जब लागू होना थी, तब लागू की गयी और जब उसे हटना था तब हटा भी दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने धारा 370 हटाने के सरकार के फैसले की पुष्टि भी कर दी। यानी की धारा बनाने, लगाने और हटाने की इस लम्बी प्रक्रिया में अल्लाह कहीं नहीं था। सब जगह इंसान ही इंसान थे। पहले नेहरू और पटेल थे, अब मोदी और अमित शाह है और महबूबा मुफ़्ती हैं, माननीय मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ है। सब इंसान हैं, कोई भगवान या अल्लाह नहीं है, इसलिए महबूबा ने जो कहा वो मुझे पसंद आया। मुमकिन है कि आपको महबूबा का कहा पसंद न आये।

पिछले एक दशक में देश की सबसे बड़ी अदालत ने अनेक मामलों में ऐसे आधे-अधूरे और अस्पष्ट फैसले दिए हैं जो सवालों के घेरे में हैं लेकिन माननीय अदालत के मान-सम्मान की वजह से देश में ऐसे मामलों और माननीय अदालत की प्रकृति पर कोई बहस नहीं होती। महबूबा ने ये साहस दिखाया है और कहा है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय का फैसला अल्लाह का फैसला नहीं है, उसके खिलाफ लड़ा जाएगा। महबूबा इस देश की सम्माननीय नेता है। उनके दल की रीति-नीति से आप और हम असहमत या सहमत हो सकते हैं किन्तु उन्हें राष्ट्रविरोधी कोई नहीं कह सकता, क्योंकि कांग्रेस हो चाहे भाजपा सभी ने महबूबा के साथ मिलाकर जम्मू-कश्मीर में सत्ता का स्वाद चखा है। महबूबा मुफ़्ती मुझसे एक महीना छोटी हैं लेकिन वे उस जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं जो अब केंद्र शासित क्षेत्र है, राज्य नहीं। जाहिर है कि महबूबा अपने सूबे को खंड-खंड देखकर स्वाभाविक रूप से आहत हुईं होंगी। उनका दर्द समझना आसान है इसलिए उनकी प्रतिक्रिया भी स्वाभाविक और निश्छल ह। महबूबा को भी पता है कि जम्मू-कश्मीर को उसका पुराना दर्जा मिलना अब असम्भव है किन्तु उम्मीद करने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। महबूबा खानदानी नेता है। उनके पिता मुफ़्ती मोहम्मद सईद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और केंद्र में गृह मंत्री रहे हैं। महबूबा विधि स्नातक हैं इसलिए उनके द्वारा की गयी टिप्पणी को किसी अनपढ़ या शाखामृग की टिप्पणी नहीं माना जा सकता। वे उतनी ही जिम्मेदार नेता हैं जितने कि जिम्मेदार नेता हमारे देश के गृहमंत्री अमित शाह हैं।

देश में इस समय जिस तरह से राजनीतिक लाभ लेने के लिए राज्यों की अस्मिताओं को उभारा जा रहा उस समय महबूबा मुफ़्ती की टिप्पणी को भी जम्मू-कश्मीर की अस्मिता से जोड़कर देखा जाना चाहिए। देश के दूसरे जन प्रतिनिधियों को भी इंसान के फैसलों को अल्लाह का फैसला मानकर चुप नहीं बैठना चाहिए। इस समय और पहले भी दुर्भाग्य से ऐसे अनेक कालखंड आये हैं जब कार्यपालिका, विधायिका, और न्यायपालिका के साथ ही अखबार पालिका भी सरकार के सुर में सुर मिलाती देखी गयी है। ऐसे हर कालखंड ने देश की अस्मिता को, लोकतंत्र को और लोकतांत्रिक मूल्यों को नुक्सान पहुंचाया है। इसलिए ये जरूरी है की हम इस तरह की तमाम प्रवृत्तियों के खिलाफ महबूबा की तरह बोलें। इंसानों द्वारा इंसानों के लिए किये जाने वाले फैसले हर समय सौ फीसदी सही ही होंगे इसकी गारंटी कौन दे सकता है ? ऐसे तमाम फैसलों पर अंतिम मुहर जनता ही लगाती है।

मौजूदा सरकार ने जम्मू-कश्मीर के साथ गलत किया या सही, मै इस विवाद में नहीं पढ़ना चाहता, क्योंकि इस समय देश में सवाल करने और बहस करने की अघोषित मुमानियत है। आम आदमी को तो छोड़िये सांसद तक सवाल करने पर सदन से निलंबित किये जा रहे है। कुछ इतने दुर्भाग्यशाली हैं उनकी सदस्यता तक रद्द की जा रही है और ये सब कौन कर रहा है ? अल्लाह नहीं कर रहा, भगवान नहीं कर रहा बल्कि वे लोग कर रहे हैं जो खुद को खुदा और ईश्वर का अवतार समझते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से खड़े होने की जरूरत है। सत्तापक्ष और उसके साथ खड़े होने वाले रीढ़विहीन संस्थानों के खिलाफ संगठित होना कोई अपराध नहीं है, इसे राष्ट्रद्रोह भी नहीं कहा जाना चाहिए।

आज के माहौल में महबूबा हों,ममता हों, मायावती हों, या दूसरे गैरभाजपा दल हों सभी का ये दायित्व है कि वो राजनीति में पनप रही अधिनायकत्व की प्रवृत्ति के खिलाफ मोर्चा खोलें। भाजपा में अनुशासन की तलवार के नीचे अपनी गर्दन रखकर खामोश खड़े लोग भी इस अभियान में शामिल हो सकते हैं। हालाँकि ये काम जोखिम का है। ये जोखिम यशवंत सिन्हा और शत्रुघ्न सिन्हा , केशूभाई पटेल और उमा भारती जैसे लोग अतीत में उठा चुके हैं। आईएनडीआईए [ इंडिया ] गठबंधन की ये जिम्मेदारी है कि वो इंसानों के तमाम गलत फैसलों के खिलाफ मन से संगठित होकर प्रतिकार करे। यदि विपक्ष अपनी भूमिका का निर्वाह करने में कोताही करता है तो ये लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है।

**(यह लेखक के निजी विचार है। आलेख में शामिल सुचना और तथ्यों की सटीकता, संपूर्णता के लिए " जिम्मेदार नहीं है।)**

# वैश्विक लोकप्रियता के शिखर पर नरेन्द्र मोदी

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी पर विरोधियों द्वारा लाख आरोप-प्रत्यारोप लगाये जाते रहे हों पर इसमें दो राय नहीं कि आज लोकप्रियता में दुनिया के दिग्गज नेताओं में शीर्ष पर कोई नेता है तो वह मोदी ही हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन या रूस के पुतिन हों या अमेरिका के ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प, नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के आसपास भी नहीं टिकते हैं। अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मार्निंग कंसल्ट द्वारा इसी माह की शुरूआत में कराए गए सर्वे में यह साफ हो गया कि सर्वे में हिस्सा लेने वाले दुनिया के अलग-अलग देशों के 76 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द्र मोदी हैं। लोकप्रियता में नकारने वाले भी केवल 18 फीसदी ही हैं जबकि 6 फीसदी ने अपनी कोई राय उजागर नहीं की। इससे पहले अमेरिकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के 10 में से 8 व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के प्रति सकारात्मक राय रखते हैं। यानी देश के 80 फीसदी लोग नरेन्द्र मोदी में विश्वास रखते हैं। 55 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द मोदी है। देश की केवल 20 फीसदी आबादी नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करती है। लोकप्रियता की सूची में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 8 वें पायदान पर हैं।

विश्वव्यापी लोकप्रियता अर्जित करना सामान्य बात नहीं है। हमारे देश के लिए तो यह और भी गर्व की बात हो जाती है कि हमारे नेता की लोकप्रियता दुनिया में पहले पायदान पर है। खास बात यह है कि लोकप्रियता के साथ विश्वसनीयता में भी वे सबसे आगे हैं। लोकप्रियता में अव्वल आना इस मायने में बड़ी बात है कि 76 फीसदी मामूली आंकड़ा नहीं है। यह लोकप्रियता के दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर से पूरे दस प्रतिशत अधिक है। यानी नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का आंकड़ा 76 फीसदी है तो दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति की लोकप्रियता का आंकड़ा 66 फीसदी यानी कि दस फीसदी कम है। सूची के अनुसार तीसरे पायदान पर स्विट्जरलैंड, चौथे पर ब्राजील, पांचवें पर आस्ट्रेलिया और छठे पायदान पर इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी हैं। उनकी और नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में पूरे 35 फीसदी का अंतर है। देखा जाये तो कठोर से कठोर निर्णय भी एक झटके में लेने और भीड़ को अपने पक्ष में कर लेने की क्षमता नरेन्द्र मोदी को लोकप्रियता के शिखर पर पंहुचाती है। वैश्विक सम्मेलनों और मंचों पर ऐसा लगता है जैसे दुनिया के देशों का नेतृत्व नरेन्द्र मोदी ही कर रहे हों। भले ही इतर राय रखने वाले कुछ भी कहें पर अभी तो यही दिख रहा है और नरेन्द्र मोदी को सर्वमान्य नेता के रूप में प्रतिस्थापित करता है। इसे यों भी समझा जा सकता है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का निर्णय और इसे लेकर दुनिया के देशों की चुप्पी, कूटनीतिक कौशल व क्षमता को ही सिद्ध करता है। पाकिस्तान और चीन को अलग-थलग करना हो या फिर रूस-यूक्रेन युद्ध या इजरायल-हमास युद्ध कहीं भी नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं हुआ। विरोधी देशों के संकट के दौरान सहायता में सबसे आगे रहना, अरब देशों को भी भारत के पक्ष में बनाये रखना, अमेरिका और रूस दोनों को ही साधे रहना, अपने आप में बड़ी बात है। कोरोना दौर में भारतीय वैक्सीन के माध्यम से दुनिया के देशों के मानव इतिहास के सबसे बड़े संकटकाल में सहभागी के रूप में आगे आना लोकप्रियता और विश्वसनीयता बनाए रखने की बड़ी सफलता है। अमेरिका में ओबामा, फिर ट्रम्प और अब जो बाइडन काल में भी समान अधिकार के साथ संबंध बनाए रखना, कम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां नहीं थी, लेकिन उससे भी पार पाने में कामयाबी हासिल की। पाकिस्तान को दुनिया के देशों से अलग-थलग करना तो मोदी के लिए मामूली बात सिद्ध हुई है। दरअसल, आज के दौर में वैश्विक नेता के लिए बोल्ड होने, एग्रेसिव होने, कठोर व त्वरित निर्णय लेने वाले नेता लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। अच्छे बुरे परिणाम की चिंता कर निर्णय की उहापोह में फंसे नेता आज के लोगों की पसंद हो ही नहीं सकते।

# विकसित भारत यात्रा के सहारे भाजपा की मजबूत तैयारी

**मृत्युंजय दीक्षित**

**आगामी** लोकसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए देश के सभी राजनैतिक दलों ने अपनी-अपनी चुनावी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए अपनी तैयारी को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। इस तैयारी पर यदि समग्र व निष्पक्ष दृष्टि से डाली जाए तो इस समय निःसंदेह भारतीय जनता पार्टी आगे दिखाई पड़ रही है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जिन्हें लोकसभा का सेमी फाइनल माना जा रहा था उनमें भाजपा ने सभी विश्लेषकों को चौंकाते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की, जिससे उसका उत्साह बढ़ा है। इन सभी राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री चयन ने विपक्ष की जातिवाद की राजनीति की गहरी काट खोजने का प्रयास किया है । भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री चयन के बाद उनका प्रचार भी प्रारम्भ कर दिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का उत्तर प्रदेश के यादव बाहुल्य क्षेत्रों और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का ब्राह्मणों सहित सवर्ण समाज के बीच में प्रचार हो रहा है। उधर विपक्षी दलों में भी एकता के लिए बैठकें चल रही हैं। विधानसभा चुनाव के मध्य ही भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। यह यात्रा भारत की सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों तक पहुंचेगी। विकसित भारत यात्रा के माध्यम से भाजपा उन वंचित लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जो विभिन्न योजनाओं के पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। दूसरा यह कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस यात्रा में गांव व पंचायत में मोदी की गारंटी वाली वैन पहुंचने पर उसका ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत किया जाता है और उसी स्थान पर लाभार्थी फार्म भी भरवाये जाते हैं। यात्रा के दौरान सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से उनकी व्यक्तिगत कहानियों और अनुभव साझा करने को भी कहा जाता है और उनका फीडबैक लिया जाता है।

# राज्यपाल ने जेल का बारीकी से किया मुआयना, छात्राओं से कहा कि जेल पर लिखें निबन्ध

## राज्यपाल ने आंगनबाडी केन्द्र में गोदभराई कर ली जानकारी, व्हीलचेयर से कामदगिरि की लगाई परिक्रमा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जिला कारागार में महिला बन्दियों व बच्चों से संवाद किया। राजभवन से आये गीजर, साल, बुक्स, डिजिटल बोर्ड, गिफ्ट बांटे। महिला बन्दियों से जिला कारागार में मिलने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि अगरबत्ती बनाने व सिलाई-बुनाई का कार्य सिखाया जाता है।

बुधवार को राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने राजकीय गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय की छात्राओं से वार्ता की। कहा कि जिला कारागार में बंदी महिलाओं में क्या देखा, क्या परखा, कैसा लगा, कुछ बतायें- छात्राओं ने बताया कि बन्दी महिलाओं से मिले हैं, कहा है कोई गलत कार्य नहीं करना चाहिए, ताकि जेल में न आना पड़े, अच्छे कार्य करें। दूसरी छात्रा ने बताया कि जो व्यवस्था शिक्षा, स्वास्थ्य राज्य सरकार दे रही है, वह मिल रही है। राज्यपाल ने छात्राओं से पूंछा कि जेल में आना कैसा लगा, वे कितने साल की सजा भुगत रही हैं- अनुभव बतायें। ये भी पूंछा कि यहां से जाने के बाद क्या करेंगी, छात्राओं ने कहा कि वे महिलाओं को शिक्षित करेंगी। राज्यपाल ने गोस्वामी तुलसीदास के प्राचार्य से पूंछा कि विद्यालय में क्या सिखाएंगे, प्राचार्य ने कहा कि यहां जो देखा है- ऐसे हालात न आयें कि गलत कार्य करें, यही शिक्षा देंगे कि कोई गलत कार्य न करें। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि इस उम्र की छात्रा की सीखने की उम्र है, जो घटनायें होती है- वह मायके में नहीं होती। ससुराल में क्यों होती है, इसे सीखना होगा। ऐसा प्रोजेक्ट लें कि समाज को विकसित करने का कार्य करें। सभी लोग चाहते हैं कि परिवार सुखी रहे, हमारी बेटी सुखी रहे- इसके लिए क्या करना चाहिए- छात्राओं को ये सब सीखना चाहिए। जेल का मतलब क्या होता है, छात्रायें इस पर निबंध लिखें। जिले में हॉस्पिटल होगा, तभी जीवन शैली बदलेगी, सुधार हो सकता है। राज्यपाल ने विचाराधीन बन्दियों व बच्चों के बारे में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इनका मामला कोर्ट में चल रहा है। राज्यपाल ने महिला बंदियों से कहा कि उनका दायित्व है कि फिर से ऐसा कोई कार्य न करें, ताकि जेल आना पड़े। पुत्रों को बतायें कि कोई गलत कार्य न करें। महिला बंदी कैदियों से संवाद में पूंछा कि घर में कितनी बहुये हैं, अच्छा बर्ताव करें। आपकी बेटी सुखी रहे, दूसरे की बेटी भी सुखी रहेगी। टकराव नहीं होना चाहिए, किसी का गला काट दिया जाये, छोटी-छोटी गलतियों को माफ करना सीखें। समाज में करोड़पति व गरीब के भी घर होते हैं, बड़ा विवाद न हो। पति, सास जब परेशान करें तो थाने में शिकायत करें। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से छोटी-छोटी चीजों को नारी अदालत की रचना गुजरात में हुई थी। महिला अच्छा कर सकती हैं, पुलिस ने हर गांव, ब्लॉक में महिला समितियां बनाई थीं। समितियों में पढी-लिखी महिलाओं को रखा जाता था। पुलिस हस्ताक्षर के बाद ही समस्या हल होती थी। उन्होंने कहा कि उनका आगमन भगवान रामचंद्र की पावन भूमि में हुआ है। जहां भगवान राम 11 साल रहे, पवित्र भूमि में घटनायें न हो। सभी महिला बन्दियों से कहा कि गांव में बाल विवाह होता है तो रुकवाने को पुलिस को सूचना दें। कहा कि जिलाधिकारी, मंडलायुक्त, पुलिस अधीक्षक से समस्यायें बतायें। कायदे-कानून से कार्य करें। राज्यपाल ने जिला कारागार में पाकशाला का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में आटा गूथने की मशीन व साफ-सफाई देखी। आंगनबाड़ी केंद्र कसहाई में पढ़ रहे बच्चों को चॉकलेट बांटी। आंगनबाड़ी केंद्र में रंजना, साधना, हिमांशु वर्मा, हिमांशी वर्मा, विराट पटेल को किट बांटी। आंगनबाड़ी केंद्र में ही गीता, सुनीता, रेखा देवी, ममता देवी, शोभा देवी, सीता देवी, गीता देवी, रेवती देवी, श्रीमती सहाना बेगम, श्रीमती अनुभव श्रीवास्तव की गोद भराई की। आंगनबाड़ी केंद्र में सैम-मैम बच्चों के बारे में जानकारी ली कि कितने बच्चे पंजीकृत हैं। केंद्र में किचन का निरीक्षण कर मेन्यू के हिसाब से खानपान के बारे में पूंछा। प्रदेश सरकार व भारत सरकार के पोषण किटों के बारे में जानकारी ली। सीडीओ अमृतपाल कौर ने बताया कि समय-समय पर मेन्यू में सब दिया जाता है। बारात घर में लगे स्टॉल देखे। आयुष्मान कार्ड बाबत कहा कि हर घर में कार्ड होना चाहिए। चित्रकूट इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत पेश किया। बारात घर में राज्यपाल भवन से आई 120 किट बांटी। कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने आंगनबाड़ी केंद्र को पचास हजार रुपये दिये। सीडीओ ने आभार जताया। राज्यपाल ने व्हीलचेयर से कामदगिरि की परिक्रमा भी लगाई। कामतानाथ के दर्शन कर पूजन भी किया। इस मौके पर मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, बुंदेलखंड के कुलपति, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।



आयोजित कर्याक्रम में भाग लेती राज्यपाल।



बच्चो को उपहार देती राज्यपाल।



गोद भराई में उपहार देती राज्यपाल।



जेल का निरीक्षण करती राज्यपाल।

# एसपी के निर्देश पर 19 पर लगा गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिले में अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में 19 लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गई है। इससे अपराधीतत्वों में हलचल मची है।

बुधवार को कर्वी कोतवाल अजीत पाण्डेय ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले अमर पुत्र बुधनी, विनय पुत्र बुधनी निवासी लोढवारा, नान उर्फ इमलेश पुत्र जगदीश उमर, ठोकिया उर्फ शुभम पुत्र नाम उर्फ इमलेश निवासी नई दुनिया, अजय पुत्र राजेंद्र प्रसाद, बोड्डा उर्फ नफीस पुत्र रईस, वीरेंद्र पुत्र स्व महावीर प्रसाद निवासी भरतपुरी, पुष्पराज सिंह उर्फ राजू सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी चकजाफर, महेश पुत्र माताबदल निवासी गोल तालाब, सोनू पुत्र राजेश निवासी लक्ष्मणपुरी, पिंटू पुत्र बनवारीलाल, मनोज पुत्र बच्चा यादव, दिलीप पुत्र भोला प्रसाद विश्वकर्मा, ज्ञानचंद पुत्र दिलीप निवासी कसहाई रहूनी पुरवा, छैल बिहारी पुत्र बनवारी लाल निवासी छेछरिया बुजुर्ग व मनोज पुत्र बच्चा यादव के खिलाफ 110 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले गेंदेलाल पुत्र धोधा, जयकरन पुत्र शिवप्रसाद, ज्ञानु पुत्र गेंदेलाल निवासी कनकोटा, राजा उर्फ राजबहदुर पुत्र बुधलाल रैदास, कामता पुत्र बिहारीलाल निवासी सिकरी के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।



एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला।

# गैंगेस्टर एक्ट के छह लोगों को हुई सजा-जुमार्ना

## चार को हुई दो-दो वर्ष व दो को हुई तीन-तीन वर्ष

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार की पैरवी व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने राजापुर थाने में दर्ज गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी सीताराम पुत्र द्वारिका प्रसाद, भगवानदीन पुत्र श्यामचन्द्र उर्फ बब्बू, जयचन्द्र पुत्र सीताराम निवासी मिश्रनपुरवा को दो-दो वर्ष की सजा व पांच-पांच हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है। ज्ञात है कि 22 जुलाई 2008 को पूर्व थानाध्यक्ष राजापुर प्रमोद कुमार पाण्डेय ने सीताराम पुत्र द्वारिका प्रसाद, भगवानदीन पुत्र श्यामचन्द्र उर्फ बब्बू व जयचन्द्र पुत्र सीताराम पर गैंगेस्टर एक्ट दर्ज किया था। पूर्व थानाध्यक्ष महेश सिंह ने विवेचन कर 30 सितम्बर 2008 को आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसी क्रम में मऊ थानाध्यक्ष राजेश कुमार द्विवेदी व पैरोकार आनंद कुमार की पैरवी व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने गैगेस्टर एक्ट के आरोपी भइयन यादव पुत्र हीरालाल निवासी नेवरा मऊ व विजय तिवारी पुत्र नारायणदत्त तिवारी निवासी पथरा पालदेव थाना नयागांव जिला सतना को तीन-तीन वर्ष की सजा व दस-दस हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि सात जुलाई 2010 को पूर्व थानाध्यक्ष मऊ हरिशरण सिंह ने भइयन यादव पुत्र हीरालाल निवासी नेवरा व विजय तिवारी पुत्र नारायणदत्त तिवारी निवासी पथरा पालदेव पर गैंगेस्टर एक्ट दर्ज किया था। पूर्व थानाध्यक्ष अशोक धर पाण्डेय ने मामले की विवेचना कर 26 जून 2011 को आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# मैहर ने कानपुर को 24 रनों से हराया

**अखंड भारत संदेश**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर मैहर ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 122 रन बनाए। रुणेन्द्र सिंह ने 27, अनुराग ने 24, उमेश ने 17 रनों का योगदान दिया। कानपुर से नरेंद्र को तीन, राजीव व ओम को दो-दो विकेट मिले।

**चित्रकूट।** राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति पर चित्रकूट स्पोर्ट क्लब कर्वी व दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्र स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2023 के पूल बी पहले क्वार्टर फाइनल मैच में कानपुर व मैहर के बीच मुकाबला हुआ।

बुधवार को मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष विज्ञान संकाय महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय डॉ आईपी त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय अंशुमान पाठक, गुरुकुल संकुल प्रभारी संतोष मिश्रा, शैक्षणिक प्रभारी कालिका प्रसाद श्रीवास्तव ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच शुरू कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर मैहर ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 122 रन बनाए। रुणेन्द्र सिंह ने 27, अनुराग ने 24, उमेश ने 17 रनों का योगदान दिया। कानपुर से नरेंद्र को तीन, राजीव व ओम को दो-दो विकेट मिले। 123 रनों के लक्ष्य को पाने को कानपुर टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट खोए। 17 ओवर में 98 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कानपुर से आकाश सिंह ने 31 व मोहम्मद अजहर ने 18 रनों का योगदान दिया। मैहर से आकर्ष सिंह को तीन, कृष्णम व रूणेंद्र को दो-दो विकेट मिले। रूणेन्द्र को आज के मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैहर ने 24 रनों से मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उसका मुकाबला कल नोएडा व चित्रकूट टीम के बीच खेले जाने वाले मुकाबले की विजेता टीम से 22 दिसम्बर को होगा। मैच के अंपायर राधेश्याम वाघमारे, आलोक सिंह, कमेंटेटर आदित्य सोनी, सर्वेश निगम, स्कोरर हर्षित परौहा रहे। मैच को सफल बनाने में रमाकांत कुशवाहा, रवि पाल, राहुल पाल, अमित विक्रम आदि ने योगदान दिया।

# अवैध कब्जों की जिले में है भरमार, जहां देखो, वहीं हैं अवैध कब्जे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय समेत आसपास के गांवों में भी अवैध कब्जों की भरमार है। अवैध कब्जे हटाने के वह प्रयास नहीं हो रहे, जो सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाह रहे हैं। अवैध कब्जों के चलते आये दिन लोग परेशान हैं। अवैध कब्जे हैं कि हटने का नाम नहीं ले रहे। जिला प्रशासन भी कहीं न कहीं लोगों के अवैध कब्जे पर अदालत के दखल के चलते मजबूर है।

बुधवार को जिला मुख्यालय के बनकट नहर या सोनेपुर नहर या सडक 144 व कुआ के अवैध कब्जे हों या फिर तहसील कर्वी के गोबरिया मजरा कपसेठी के तालाब का अवैध कब्जा हो, हटाने के प्रयास जिला प्रशासन नहीं कर रहा। ये लोग लम्बे समय से अवैध कब्जाकर आवास बनाये हुए हैं। यहां तक कि तालाब के भीठे की जमीन भी कई लोगों ने अवैध ढंग से बेंच दी है। गोबरिया मजरा कपसेठी के ग्रामीण राजू यादव, नत्थू, इन्द्रपाल, भोला, बालचन्द्र, महेश, राजेश, जयकरन, रामपाल, गेंदेलाल, राममिलन, रामस्वरुप आदि ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि गोबरिया मजरा कपसेठी के आराजी नम्बर चार रकबा 1.756 हे व आराजी छह रकबा 0.982 हे सार्वजनिक बन्दोबस्ती तालाब है। आज भी तालाब में रामबाबू, रमेश, सुरेश, रविदत्त, शिवमंगल, संजय कुमार, सनत कुमार, रजोला, अजय कुमार पुत्र रामाधार अवैध ढंग से आवास बनाकर कब्जा किये हैं। तालाब की जमीन को फर्जी ढंग से दर्ज करा लिया है। एसडीएम कर्वी ने जांच के बाद पांच मई 2008 को खारिज कर दिया है। इसके बाद सुरेश आदि ने 23 मई 2013 से दस अक्टूबर 2012 को बोर्ड आफ रेवेन्यू इलाहाबाद से स्टे ले लिया था, अभी भी ये लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं। जहां सार्वजनिक रास्ता है, वहां पर भीठे में पक्का निर्माण व दूसरे भीठे में कच्चा निर्माण कर रहे हैं। प्रधान के मना करने पर गाली-गलौज कर फसाद पर आमादा होते हैं। ग्रामीणों ने अवैध कब्जे की जमीन से लोगों को बेदखल कर कार्यवाही की मांग की है, ताकि तालाब के पानी का निस्तार सभी लोग कर सकें।

जिला प्रशासन अवैध कब्जों को हटाने में नाकाम साबित हो रहा है। इसके चलते अवैध कब्जेधारक मस्त हैं, योगी सरकार के नुमाइन्दे अवैध कब्जेधारकों से पस्त नजर आ रहे हैं।



तालाब के भीठे पर अवैध बने आवास।

# हत्या में दो को हुई दस वर्ष की सजा, दहेज हत्या में पति को हुई सात वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेशों के अनुपालन में पहाड़ी थानाध्यक्ष श्याम प्रताप पटेल व पैरोकार अशोक कुमार की पैरवी से न्यायालय ने हत्या के दो आरोपियों को दोषसिद्ध करार देते हुए दस वर्ष की सजा व 13 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

बुधवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय सत्र एवं जिला न्यायाधीश विकास कुमार-1 ने पहाड़ी थाने में दर्ज हत्या के मामले में आरोपी अरुण सिंह पुत्र हरिचरण व अर्जुन सिंह पुत्र हरिचरण निवासी बछरन को दस वर्ष की सजा व 13 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि सात मई 2020 को पहाडी थाने के अजीत नारायण सिंह ने थाने में सूचना दी कि गांव के अरुण सिंह व अर्जुन सिंह ने जान से मारने की धमकी देते हुए ट्रैक्टर चढा दिया। मौके पर हरिशंकर सिंह की मृत्यु हो गयी व अजीत सिंह तथा नवनीत सिंह को गम्भीर चोटें आयी। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर अरुण सिंह व अर्जुन सिंह को नामजद किया। थाने के पूर्व दरोगा टीकाराम वर्मा ने मामले की विवेचना कर दोनों आरोपियों को 11 मई 2020 को गिरफ्तार कर जेल भेजा। छह जुलाई 2020 को दोनों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय व पैरोकार अमरेन्द्र प्रताप सिंह की पैरवी तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक संजय कुमार (अ) ने दहेज हत्या के मामले के आरोपी अशोक पुत्र रामप्रताप निवासी महादेवन मजरा मुकुन्दपुर को सात वर्ष की सजा व आठ हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि 26 अगस्त 2017 को बांदा जिले के फतेहगंज थाना के लगनहाई के प्रेम सिंह पुत्र लोटन सिंह ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई थी कि उसकी बहन ज्ञान देवी के दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने हत्या कर दी है। पुलिस ने मामला दर्जकर अशोक पुत्र रामप्रताप को जेल भेजा था। विवेचना पूर्व सीओ सिटी राजेश कुमार तिवारी ने छह जून 2017 को आरोपी को गिरफ्तार कर 29 अगस्त 2017 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# पुलिस पर जानलेवा हमला: डकैत को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय व पैरोकार प्रदीप कुमार की पैरवी तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट/अपर सत्र न्यायधीश नीरज श्रीवास्तव ने डकैती के आरोपी भइयन उर्फ खरदूषण उर्फ टाइगर पुत्र हीरालाल निवासी नेउरा थाना मऊ को छह वर्ष की सजा व 11 हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 26 मई 2016 को भइयन उर्फ खरदूषण ने गैंग के साथियों समेत पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमले की नीयत से फायर किया था। इस बाबत थाना रैपुरा में मामला दर्ज हुआ था। विवेचना तत्कालीन निरीक्षक सत्यपाल सिंह ने कर 15 नवम्बर 2017 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# रंगदारी मांगने के आरोपी को हुई पांच वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय व पैरोकार बाबूलाल की पैरवी से न्यायालय ने जान से मारने की धमकी व रंगदारी मांगने के आरोपी को पांच वर्ष की सजा व चार हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

बुधवार को न्यायालय में सजा का दौर जारी रहा। इसी क्रम में अभियोजन अधिकारी सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ नीरज श्रीवास्तव ने कोतवाली कर्वी में दर्ज रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी मामले में आरोपी नवल धोबी पुत्र रामप्रसाद धोबी सेजवार थाना नयागांव जिला सतना को पांच वर्ष का सजा व चार हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि कोतवाली कर्वी के ठेकेदार सर्वेश सिंह ने 31 जनवरी 2018 को कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई थी कि डकैतों ने बरुवा जलाशय पर फायरिंग कर मुनीम के फोन नम्बर से जान से मारने की धमकी देते हुए पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। पुलिस ने मामला दर्जकर नवल धोबी पुत्र रामप्रसाद धोबी की विवेचना पंकज कुमार सिंह ने की। छह अप्रैल 2019 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का चुनाव घोषित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूमा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विजय पाण्डेय की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में हुई बैठक में ब्लाक इकाईयों के चुनाव को तिथि निर्धारित की गई। बुधवार को हुई बैठक में कर्वी ब्लाक का अधिवेशन 31 दिसम्बर, पहाडी ब्लाक का दो जनवरी, मानिकपुर का तीन जनवरी, रामनगर व मऊ का सात जनवरी को होगा। पर्यवेक्षक/निर्वाचन अधिकारी घोषित हुए। मंडलीय मंत्री सुरेश द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष रामकृष्ण पाण्डेय, बद्री नारायण दीक्षित, राधेश्याम सिंह, शिवभूषण त्रिपाठी, सौरभ श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिंह, जिला मंत्री नीलाभ गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष विनय कुमार पाण्डेय, जिला आय-व्यय निरीक्षक सुजीत कुमार पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकूट संजीव श्रीवास्तव, मंत्री प्रेमचंद्र शिवहरे, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर नारायण पाण्डेय, मंत्री राघवेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष ऋषि कुमार पाण्डेय, ब्लॉक मंत्री मानिकपुर शिव प्रकाश वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मऊ विद्याभूषण समेत पदाधिकारी मौजूद रहे। ये जानकारी जिला मीडिया प्रभारी प्रेमचन्द्र शिवहरे ने दी है। संचालन जिला महामंत्री मिथलेश कुमार यादव ने किया।

## शारजाह से काठमांडू आए एयर अरेबिया के विमान के शौचालय में नवजात बरामद



**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर उतरे एक विमान के शौचालय को जब साफ करने के लिए ग्राउंड स्टाफ पहुंचा तो उसे वहां एक नवजात शिशु दिखाई दिया। खून से लथपथ उस नवजात शिशु को अस्पताल भेजा गया है। यह घटना आज सुबह की है, जब शारजाह से आए एयर अरेबिया के विमान के पिछले दरवाजे के पास वाले शौचालय से नवजात शिशु बरामद किया गया। नागरिक उड्डयन विभाग के प्रवक्ता सुभाष झा ने बताया कि शारजाह से आए एयर अरेबिया के विमान संख्या जी9 536 से सभी यात्रियों के उतरने के बाद सफाई कर्मचारी अन्दर गए तो उन्हें शौचालय में एक नवजात शिशु दिखाई दिया। उस सफाई कर्मचारी के हवाले से प्रवक्ता झा ने बताया कि वह नवजात शिशु खून से लथपथ था और बेहोश भी था। इस घटना की जानकारी तत्काल विमानस्थल के सुरक्षाकर्मी को दी गई। उस विमान से उतरी एक महिला को भी हिरासत में लेने की जानकारी प्रवक्ता झा ने दी। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सूची देखने के बाद गर्भवती महिला के विमान में यात्रा करने की जानकारी मिलते ही इमिग्रेशन से आगे निकल चुके उस महिला को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बच्चे का जन्म विमान के शौचालय में ही होने और उसे वहीं छोडने की बात कबूल कर ली।
पुलिस ने उस नवजात शिशु के साथ साथ महिला को भी अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल महिला की जानकारी को गोपनीय रखा गया है। वह किस देश की नागरिक है और कहां से आई है, इस बात को फिलहाल नहीं बताया गया है।

## डोनाल्ड ट्रम्प नहीं लड़ पाएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव, कैपिटल हिंसा मामले में अदालत ने अयोग्य ठहराया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सत्ता में दोबारा आने की होड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को कोलोराडो प्रांत की प्रमुख अदालत ने यूएस कैपिटल हिंसा मामले में ट्रम्प को राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार दिया है। अदालत ने रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से व्हाइट हाउस की दौड़ के लिए प्रमुख उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति पद के लिए राज्य के प्राथमिक मतदान से हटा दिया है। अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को अयोग्य ठहराए जाने का यह पहला मामला है। कोलोराडो हाई कोर्ट ने 4-3 के बहुमत वाले अपने फैसले में कहा कि ट्रंप 14वें संशोधन की धारा-3 के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के अयोग्य हैं। कोलोराडो प्रांत के हाई कोर्ट ने जिला अदालत के निर्णय को पलटते हुए यह आदेश दिया। जिला अदालत ने कहा था कि ट्रम्प ने 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद पर हुए हमले के लिए भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया था लेकिन ट्रम्प को राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा लेने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि यह साफ नहीं है कि संविधान की धारा राष्ट्रपति पद को कवर करती है। गौरतलब है कि वर्ष 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की हार के बाद उनके समर्थकों ने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हमला कर दिया था। उनके हजारों समर्थक संसद भवन के भीतर घुसकर जमकर हिंसा व तोड़फोड़ कर दी थी। हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई। ट्रम्प पर समर्थकों को संसद भवन में घुस कर हिंसा के लिए भड़काने का आरोप लगा था।

## युगांडा में आईएस समूह के आतंकवादियों ने 10 लोगों की हत्या की

**कंपाला।** युगांडा के पश्चिमी जिले कामवेंज में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े आतंकवादियों ने हमला कर कम से कम 10 लोगों की हत्या कर दी है। युगांडा की सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।
युगांडा पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल फेलिक्स कुलायिगये ने कहा कि एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) नामक संगठन के आतंकवादियों ने मंगलवार सुबह गांव पर हमला किया। आम लोगों पर हमले यह ताजा हमला है, जिसके लिए एडीएफ को जिम्मेदार ठहराया गया है। एडीएफ की स्थापना युगांडा के मुसलमानों द्वारा 1990 के दशक की शुरूआत में की गयी थी, जिनका आरोप था कि 1986 से सत्ता पर काबिज युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने उनको दरकिनार किया हुआ है।

# इजराइली सेना के अनुरोध पर गूगल ने बंद किया 'लाइव ट्रैफिक' फीचर




**यरुशलम।** इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के बीच गूगल ने इजराइली सेना के अनुरोध पर लाइव ट्रैफिक फीचर को बंद कर दिया है जिसके कारण लोगों को गूगल नेविगेशन ऐप को यूज करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा। गूगल ने इजराइल में लाइव ट्रैफिक कंडिशन के फीचर को बंद कर दिया है।
इजराइली सैनिकों का कहना है कि गूगल नेविगेशन ऐप्स जैसे गूगल मैप्स के जरिए इजराइली सेना की गतिविधियों और संचालन को ट्रैक किया जा सकता है। युद्धविराम की मांग के बीच गाजा पट्टी पर इजराइल के हमले जारी हैं। इजराइली बलों ने मंगलवार को दक्षिणी गाजा में हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 28 फलस्तीनियों की मौत हो गई। इसके साथ ही उत्तरी गाजा के अंतिम कार्यरत अस्पतालों में से एक पर भी हमला किया। दूसरी ओर, हमास के पक्ष में यमन के ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों ने लाल सागर में हमले जारी रखने का संकल्प लिया है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार पर और असर पड़ने की आशंका है।
इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने मंगलवार को हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों को वापस लाने के लिए युद्धविराम की जरूरत पड़ती है तो हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं।
बता दें कि इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम के लिए बातचीत चल रही है।सीआइ के प्रमुख सोमवार को इजरायली और कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए यूरोप पहुंच गए। नए युद्धविराम और गाजा में बंधकों की रिहाई पर एक समझौते की संभावना जताई गई है, क्योंकि अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड ने हमास के विरुद्ध प्रमुख युद्ध अभियानों को कम करने के लिए इजराइली सैन्य नेताओं से बातचीत की है।
इजराइल के कुछ सहयोगियों फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने भी युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ा दिया है। जबकि अमेरिका लगातार नागरिकों की मौत पर चिंता जताते हुए इजराइल से सटीक कार्रवाई करने को कह रहा है। वहीं, इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि जब तक हमास बचे हुए 129 बंधकों को रिहा नहीं कर देता युद्ध बंद नहीं हो सकता।

## जेलेंस्की को अमेरिका पर है पक्का भरोसा, फिर लगाई मदद की गुहार



**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका पर सबसे अधिक भरोसा जताते हुए मदद की गुहार लगाई है। जेलेंस्की ने मदद की गुहार ऐसे समय लगाई जब अमेरिका यूक्रेन की मदद में कटौती कर रहा है।
अमेरिका ने हमेशा यूक्रेन का साथ दिया है चाहे वह सैन्य मदद हो या फिर आर्थिक सहायता। हालांकि, इस समय अमेरिका की ओर से यूक्रेन की दी जा रही मदद में कटौती की गई है।
हालांकि, यूक्रेन को उम्मीद है कि अमेरिका यूक्रेन के साथ हमेशा खड़ा रहेगा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि रूस से लड़ने के लिए अमेरिका द्वारा यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक मदद मिलती रहेगी और यूएस वित्तपोषण रोककर उनके देश के साथ विश्वासघात नहीं करेगा।
जेलेंस्की ने कीव में एक टेलीविजन प्रेस वार्ता के दौरान कहा," मुझे यकीन है कि रूस के खिलाफ युद्ध में अमेरिका हमें धोखा नहीं देगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका को पता होना चाहिए कि हम उससे मिलने वाली सहायता का इंतजार कर रहे हैं।"
बता दें कि कुछ दिनों पहले यूक्रेन और इजरायल के लिए 106 अरब डॉलर की आपातकालीन सहायता के लिए व्हाइट हाउस के अनुरोध को बुधवार को रिपब्लिकन सीनेटरों ने ठुकरा दिया। कन्जर्वेटिव ने पैकेज के हिस्से के रूप में आव्रजन सुधारों की मांग को खारिज कर दिया। रूस के खिलाफ लड़ने के लिए यूक्रेन के पास हथियार की कमी हो गई है। धीरे-धीरे यूक्रेनी सैनिकों को हौसले पस्त हो रहे हैं।

## इराक में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में चुनाव ड्यूटी पर तैनात सैन्य अधिकारी की मौत



**बगदाद।** इराकी सेना के एक अधिकारी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उस समय मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया जब वे बगदाद के उत्तर में सलाहुद्दीन प्रांत में प्रांतीय चुनावों के लिए ड्यूटी पर थे।
समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने इराकी रक्षा मंत्रालय के मंगलवार को जारी बयान के हवाले से बताया कि तुज-खुरमातो शहर के पास हेलीवा सैन्य हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हेलीकॉप्टर के कमांडर मारवान जलाल की मौत हो गई और पायलट अला सलमान घायल हो गए।
एक सुरक्षा सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि खराब मौसम के कारण विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी।
इराकी विमान चुनावों के लिए सुरक्षा अभियानों में भाग लेते हैं, जिसमें दूरदराज के इलाकों में मतदान केंद्रों से मतपेटियों को प्रांतीय केंद्रों तक पहुंचाना शामिल है।

## चीन के गांसु, किंघई में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 127 हुई



**बीजिंग।** चीन के गांसु प्रांत और पड़ोसी किंघई प्रांत में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप में 127 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।
गांसु में अब तक कुल 113 और किंघई में 14 लोग मारे गए हैं, जबकि 700 सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं।
दोपहर 1 बजे तक गांसु में भूकंप से 155,393 घर क्षतिग्रस्त हो गए थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रांतीय भूकंप राहत मुख्यालय के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी गई।
चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार, भूकंप रात सोमवार 11:59 बजे आया। भूकंप के केंद्र की गहराई 10 किमी थी। भूकंप का केंद्र लिउगौ टाउनशिप, गांसु के लिंक्सिया हुई स्वायत्त प्रान्त में जिशिशान के बोनान-डोंगज़ियांग-सालार स्वायत्त काउंटी की काउंटी से लगभग 8 किमी दूर था जिसकी गहराई 10 किमी थी।चीन ने भूकंप के लिए राष्ट्रीय आपदा-राहत आपातकालीन प्रतिक्रिया को लेवल 2 में अपग्रेड कर दिया है। आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय के अनुसार, आसपास के क्षेत्रों में केंद्रीय उद्यमों की परियोजनाओं से 736 से अधिक बचावकर्मियों के साथ-साथ 2,042 अग्निशामकों को भूकंप प्रभावित क्षेत्र में भेजा गया है।
शाम सात बजे तक कुल 74 लोगों को बचाया गया है। मंत्रालय ने कहा, मंगलवार को 4,298 लोगों को निकाला गया और 1.53 मिलियन युआन (लगभग 21.6 लाख डॉलर) से अधिक की संपत्ति बचाई गई।और राहत सामग्री भेजी जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि गांसु को राहत सामग्री की तीसरी खेप आवंटित की गई है, जिसमें 2,000 कॉटन टेंट, 5,000 रोलअवे बेड, 5,000 ओवरकोट और 10,000 रजाई शामिल हैं।

# पाकिस्तान के संकट के लिए भारत या अमेरिका नहीं हम खुद जिम्मेदार हैं : नवाज शरीफ

**लाहौर।** पाकिस्तान की बदहाली, आर्थिक और नकदी संकट पर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का बड़ा बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने देश के वर्तमान हालात के लिए भारत या अमेरिका को नहीं देश की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने देश के संकटों के लिए शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान पर परोक्ष निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि नकदी संकट से जूझ रहे देश की परेशानियों के लिए न तो भारत जिम्मेदार है और न ही अमेरिका, बल्कि ह्यहमने अपने पैरों पर खुद कुल्हाड़ी मारीह्व है। चौथी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद के दावेदार 73 वर्षीय शरीफ ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के टिकट के दावेदारों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें तीन बार 1993, 1999 और 2017 में सत्ता से बेदखल किया गया था। शरीफ ने कहा, ह्यह्यआज पाकिस्तान (अर्थव्यवस्था की स्थिति के लिहाज से) जिस स्थिति में है, उसके लिए भारत, अमेरिका या अफगानिस्तान जिम्मेदार नहीं है। असलियत में तो हमने अपने पैरों पर स्वयं कुल्हाड़ी मारी है... उन्होंने (सेना ने) 2018 के चुनावों में



धांधली करके इस देश पर एक चयनित (सरकार) थोप दी, जिसके कारण आम जनता परेशान हुई और अर्थव्यवस्था की स्थिति खराब हो गई।ह्वह्व
उन्होंने सैन्य तानाशाहों को वैध ठहराने के लिए न्यायाधीशों की आलोचना की और कहा, ह्यह्यजब वे संविधान तोड़ते हैं तो न्यायाधीश उन्हें (सैन्य तानाशाहों को) माला पहनाते हैं और उनके शासन को वैध ठहराते हैं। जब बात प्रधानमंत्री की आती है तो न्यायाधीश उसे पद से हटाने पर मुहर लगा देते हैं। न्यायाधीश संसद को भंग करने के कृत्य को भी मंजूरी देते क्यों हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।